गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 32 |
| आर्द्रता | 71% |
| सूर्योदय: 5:33 | सूर्यास्त: 17:12 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा



सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली का 32,000 फुट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : प्रार्थना से परिस्थिति बदले या न बदले लेकिन व्यक्ति का चरित्र अवश्य बदल जाता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# आलोचना से मदद नहीं मिलेगी, संकट में लोगों के साथ खड़े रहना जरूरी : ममता



## मुख्यमंत्री ने उत्तर बंगाल में बाढ़ पर डीवीसी पर फिर साधा निशाना

**दार्जिलिंग :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि उत्तर बंगाल में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के लिए राज्य के राहत और पुनर्वास प्रयासों की सिर्फ आलोचना करने के बजाय सभी को संकटग्रस्त लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए। साथ ही, ममता ने पड़ोसी देश भूटान से भारी बारिश के बाद छोड़े जाने वाले पानी की निगरानी करने का आग्रह किया ताकि बंगाल के निचले इलाकों में बाढ़ को रोका जा सके, और कहा कि केंद्र को इस मामले को भूटान के समक्ष उठाना चाहिए। इस दिन, दार्जिलिंग हिल्स में एक प्रशासनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि राज्य सरकार युद्धस्तर पर पुर्निनर्माण कार्य कर रही है, क्योंकि मिरिक, कालिम्पोंग के कुछ हिस्सों, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और अन्य इलाकों में कई मकान, स्वास्थ्य केंद्र और प्रशासनिक भवन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ममता ने कहा कि केवल (राज्य के राहत और बचाव उपायों की) आलोचना करने से लोगों की परेशानियों को कम करने में मदद नहीं मिलेगी। हमें प्रभावित लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए और मदद करनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि मैं हर बार बाढ़ से निपटने के लिए इस तरह से अपने आर्थिक संसाधन पानी में झोंकने को तैयार नहीं हूं। मैं केंद्र से आग्रह करती हूं कि वह भूटान से कदम उठाने का अनुरोध करे ताकि हर बार जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद भूटाने से आने वाली नदियों के चलते उत्तर बंगाल के जिलों में बाढ़ ना आए। इसका समाधान खोजना होगा और विशेषज्ञों की मदद से इस पर विचार करना होगा। मुख्यमंत्री ने बिहार और झारखंड के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद 'पंचेत' और 'मैथन' जैसे जलाशयों से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने की ओर भी इशारा किया, जिसके कारण दक्षिण बंगाल के निचले इलाकों में बाढ़ आ गई। उन्होंने कहा कि केंद्र बंगाल के दोनों हिस्सों में बार-बार आने वाली बाढ़ के मुद्दे के प्रति उदासीन है और भागीरथी, तोर्षा और तीस्ता जैसी नदियों की सफाई के लिए कभी पहल नहीं करता। दुर्गा पूजा से पहले आई बाढ़ का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि डीवीसी जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति और बिगड़ गई थी, लेकिन राज्य ने इसे नियंत्रित कर लिया।

## कोलकाता में जलजमाव आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को नौकरी व वित्तीय सहायता की घोषणा

दुर्गा पूजा के समय हुई लगभग पांच घंटे की भारी बारिश के कारण के कोलकाता के कई इलाकों में जलभराव हो गया था और इस पानी में करंट लगने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दार्जिलिंग में आयोजित प्रशासनिक बैठक में मृतकों के परिवारों के लिए राहत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर को शेक्सपीयर सरणी चौक में किसी एक पंडाल में मृतकों के परिवारों को बुलाकर नौकरी के नियुक्ति पत्र और आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। ममता ने कहा कि कोलकाता में एक दुर्घटना हुई थी। जमे पानी में बिजली का करंट लगने से कुल 12 लोगों की मौत हुई थी। आगामी 17 तारीख को उनके परिवारों को बुलाकर नियुक्ति पत्र और आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# गार्डेनरीच में नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, आरोपी फरार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला भी अभी ज्वलंत है। वहीं, अब गार्डेनरीच में नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है और वारदात के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। उक्त घटना पीड़ित बच्ची से उसके पिता के ऑफिस में घटी। घटना तब घटी जब बच्ची उक्त ऑफिस के शौचागार गई और वहां से बाहर निकलते समय, बच्ची के पिता के एक सहकर्मी ने कथित तौर पर खाली जगह और अकेले होने के मौके का फायदा उठाकर लड़की से दुष्कर्म किया। उसने यह भी धमकी दी कि अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो अंजाम बुरा होगा। पता चला है कि आरोपी का नाम इम्तियाज आलम है और वह पीड़िता के पिता के ऑफिस का मैनेजर है। पीड़िता के पिता ने इस घटना में पोक्सो धारा के तहत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद से ही आरोपी इम्तियाज आलम फरार है। बच्ची को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। हालांकि, नौ साल की बच्ची स्वस्थ बताई जा रही है, पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। डॉक्टरों का शुरुआती अनुमान है कि दुष्कर्म के कारण रक्तस्राव और जख्म हुए हैं। पीड़िता का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 127(2)/75(2)/351(2) और पॉक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# मोदी ने बिहार के लिए दिया 'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार' का नारा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर घर जाने को कहा और एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार - इससे बनेगी सुशासन की सरकार का नारा दिया। चुनावी राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 'नमो ऐप' के माध्यम से संवाद करते हुए, प्रधानमंत्री ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर मतदान केंद्र (बूथ) पर ध्यान देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को उन्हें उपलब्ध सरकारी लाभों के बारे में बताने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी ने कार्यकर्ताओं का भोजपुरी में अभिवादन करने के बाद कहा, जब हर बूथ मजबूत होता है, तभी पार्टी जीतती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर बूथ कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में मोदी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को उनकी ओर से गारंटी देने को कहा। उन्होंने कहा, बिहार के बूथ कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्रों के परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के वीडियो भी दिखाने और साझा करने चाहिए। मोदी ने एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार - इससे बनेगी सुशासन की सरकार का नारा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 14 नवंबर को राजग (एनडीए) की जीत के बाद एक और दिवाली सुनिश्चित करने में बिहार की माताएं और बहनें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

## मोदी ने बिहार में महिला कार्यकर्ता से कहा : मुझे 'सर' नहीं कहें, मैं आपका भाई हूं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार की एक महिला बूथ कार्यकर्ता से उन्हें 'सर' के बजाय 'भैया' कहकर संबोधित करने को कहा। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति उनकी सबसे बड़ी ताकत, ढाल और प्रेरणा है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि 14 नवंबर को राज्य में चुनाव के नतीजे घोषित होने पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के साथ बिहार एक और दिवाली मनाएगा और यह विजय सुनिश्चित करने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। चुनावी राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 'नमो ऐप' के माध्यम से ऑनलाइन संवाद करते हुए, मोदी ने राज्य की महिलाओं से समूहों में बाहर निकल कर मतदान करने, गाने गाकर और थाली बजाकर लोकतंत्र के इस त्योहार को मनाने का आग्रह किया।

## रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 73 पैसे चढ़कर 88.08 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपया 73 पैसे के जोरदार उछाल के साथ 88.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और घरेलू बाजारों में तेजी के कारण लगभग चार महीनों में एक दिन के कारोबार में आई सर्वाधिक तेजी है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता को लेकर आशावाद के कारण घरेलू बाजारों में लगभग 0.70 प्रतिशत की तेजी आई, जिसका असर अमेरिकी डॉलर-रुपये की विनिमय दर पर दिखाई दिया। इसके अलावा, कमजोर डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात गिरावट ने भी रुपये को समर्थन दिया।

## भारत ने सितंबर में रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा

**नयी दिल्ली :** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता भारत ने सितंबर में रूस से कच्चा तेल खरीदने में 2.5 अरब यूरो खर्च किए, जो अगस्त की तुलना में 14 प्रतिशत कम है। यह जानकारी एक यूरोपीय शोध संस्थान ने दी। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत सितंबर में रूसी ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। उससे अधिक 5.5 अरब यूरो की खरीद चीन ने की।

## 'महाभारत', 'चंद्रकांता' स्टार पंकज धीर का 68 साल की उम्र में निधन



**मुंबई :** बी आर चोपड़ा के मशहूर धारावाहिक महाभारत में कर्ण और 'चंद्रकांता' में राजा शिवदत्त की भूमिका निभाने के लिए मशहूर टेलीविजन अभिनेता पंकज धीर का कैंसर के चलते 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। धीर के मित्र और फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने बताया, आज सुबह कैंसर के कारण उनका निधन हो गया। पिछले कुछ महीनों में उन्हें कई बार अस्पताल जाना पड़ा। उनका अंतिम संस्कार बुधवार शाम को किया गया । पंजाब से ताल्लुक रखने वाले धीर ने 1980 के दशक में अभिनेता के रूप में अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत की थी और कई फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभाई थीं।

## भारत सातवीं बार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के लिए निर्वाचित

**न्यूयॉर्क :** भारत को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआ-रसी) के 2026-28 के कार्यकाल के लिए चुना गया है और यह भारत का सातवां कार्यकाल होगा। यूएनए-चआरसी ने मंगलवार को हुए चुनाव के नतीजों की घोषणा करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत का तीन वर्ष का कार्यकाल एक जनवरी, 2026 से शुरू होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने समर्थन देने के लिए सभी प्रतिनिधिमंडलों का सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में आभार व्यक्त किया।


Suffering from hip or Knee pain?
Ask Dr. Santosh

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये –डॉ संतोष कुमार

प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।
प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?
डॉ. कुमार: विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।


Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?
डॉ कुमार: अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।
प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।
प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?
डॉ. कुमार: बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।
प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?
डॉ कुमार: सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।
प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?
डॉ कुमार: हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।
प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?
डॉ कुमार: अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्काटिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।
इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।
प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?
डॉ. कुमार: सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।
प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है
डॉ. कुमार: अच्छी तरह से जॉइंट




प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?
डॉ. कुमार: फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।

Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years




INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION
www.indiangem.com
**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014
Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau, Silver and Certified Gemstones with buy-back facility.
Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars
Toll Free No. 1800 889 1704

## एक लाख स्कूलों में सिर्फ एक अध्यापक

यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाता है कि एक लाख से अधिक स्कूलों की पढ़ाई सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। शिक्षा मंत्रालय के हालिया आंकड़े बताते हैं कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में एक लाख चार हजार स्कूल ऐसे थे, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इन स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाता। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेल, पीटी और योग जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं।

सही मायनों में स्कूलों का शिक्षकों की कमी से जूझना शिक्षा विभाग की नाकामी को ही दर्शाता है। यह हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है। कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। निकलती है तो पेपर आउट होने की खबरें आती हैं। सालों-साल उनके परिणाम नहीं निकलते। यदि परिणाम निकले भी तो फिर धांधली के आरोप लगने लग जाते हैं। फिर मामला वर्षों तक अदालतों में डोलता रहता है। विडंबना यह भी है कि आज सरकारी स्कूलों में गरीब व कमजोर वर्गों के बच्चे ज्यादा भर्ती होते हैं, इसलिए इन स्कूलों की तरफ कोई ध्यान नहीं देता। यदि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों के लिये इन स्कूलों में पढ़ना अनिवार्य कर दिया जाए तो स्थिति बदल जाएगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 16 अक्टूबर, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष दशमी, 10:38 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 12:41 तक, योग : शुभा, 26:03 तक, सूर्योदय: 5:33, सूर्यास्त: 17:12, चन्द्रोदय : 00:52, चन्द्रास्त: 14:13, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 12:48 से 14:14

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए आज धन लाभ के योग बनते हुए दिख रहे हैं। दिनभर कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। राशि स्वामी हस्त नक्षत्र के प्रथम चरण में है।

**वृष :** आज के दिन वृष राशि वालों को संपत्ति से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। इस दौरान आपके परिवार में भी हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। घर का वातावरण सौहार्दपूर्ण बना रहने वाला है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए गुरुवार का दिन शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा जातकों को प्रमोशन के चांस बनते दिख रहे हैं। कोई शुभ समाचार मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क :** आज के दिन कर्क राशि वालों को पश्चिम दिशा की यात्रा लाभदायक रहने वाली है। गुरु की कृपा से संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार प्राप्त होगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के घर में आज घर में मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। मित्रों की मदद से व्यापार में आज के दिन आपको नए अवसर प्राप्त होंगे। दिन लाभदायक रहने वाला है।

**कन्या :** आज के दिन कन्या राशि वालों को कार्यक्षेत्र में अधिक परिश्रम करनी पड़ेगी और अंत में इसका परिणाम भी आपके लिए लाभदायक रहेगा। लेखन और शिक्षा के कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों को आज अपनी इच्छा के विरुद्ध कार्य करना पड़ सकता है। इस दौरान आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति गड़बड़ हो सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन वृश्चिक राशि के जातकों के लिए लिए शुभ संकेत लेकर आया है। राशि स्वामी मंगल द्वादश भाव में होकर चंद्रमा से दशम योग बना रहें है। आपके कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु :** बृहस्पति के मार्गी होने से धनु राशि के लोगों के संबंधों और कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। हालांकि शनि के प्रभाव से मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आया है। बुध और राहु का प्रभाव मकर राशि वालों के कार्यक्षेत्र में विशेष सफलता दिलाएगा। भाग्य का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ :** आज आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती हैं। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। संपत्ति के विस्तार या उससे आय के नए अवसर मिलेंगे।

**मीन :** आज आपका दिन सामान्य परिणाम देने वाला रहेगा। धर्म-कर्म में आपकी आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च हो सकता है। नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन माहौल को खुशनुमा बनाएगा।

# दंगाइयों के आगे नतमस्तक होते थे सपा के नेता, भाजपा ने त्योहारों पर अमन कायम किया : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार पर आरोप लगाया कि उसके नेता, मंत्री और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 'दंगाइयों और अपराधियों के आगे नतमस्तक' होते थे तथा उनके शासन में त्योहार 'दंगों और अराजकता की बलि' चढ़ जाते थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सब्सिडी वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले साढ़े आठ वर्षों से शांति बहाल की है और दीपावली से लेकर ईद एवं क्रिसमस, रामनवमी तक सभी त्योहार अब शांतिपूर्वक मनाये जा रहे हैं। उन्होंने मुलायम सिंह यादव परिवार की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''2017 से पहले सरकार एक परिवार से आगे कुछ सोच ही नहीं पाती थी। त्योहारों के दौरान दंगे भड़क जाते थे। गुंडे खु-लेआम घूमते थे और गरीब कल्याणकारी योजन-ाओं से वंचित रहते थे। समाजवादी पार्टी के मंत्री और नेता, यहां तक कि मुख्यमंत्री भी माफियाओं और दंगाइयों के आगे नतमस्तक हो जाते थे।'' मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'डबल इंजन सरकार' ने पूरे राज्य को एक परिवार मानकर उस संस्कृति को बदल दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने परिवारवाद को खत्म किया है और एक ऐसा शासन मॉडल लाया है जहां लाभ देने से पहले किसी की जाति, मत या धर्म नहीं पूछा जाता।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 2021 में निर्णय लिया था कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को साल में दो बार यानी होली और दीपावली के दौरान मुफ्त रसोई गैस सिलिंडर दिये जाएंगे।

## फिल्मफेयर अवार्ड जीतने के बाद गोरखपुर पहुंचे भाजपा सांसद रवि किशन, हुआ भव्य स्वागत



**गोरखपुर :** फिल्मफेयर पुरस्कार जीतकर गोरखपुर लौटे फिल्म कलाकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के क्षेत्रीय सांसद रवि किशन बुधवार को गोरखनाथ मंदिर गये और कृतज्ञतास्वरूप पुरस्कार की ट्रॉफी गुरु गोरखनाथ के चरणों में अर्पित कर दी। फिल्म 'लापता लेडीज' के लिये 'फिल्मफेयर अवार्ड' जीतने के बाद पहली बार गोरखपुर पहुंचे रवि किशन का भव्य स्वागत किया गया। वह ट्रॉफी लेकर सीधे गोरखनाथ मंदिर गए। वहां उन्होंने गुरु गोरखनाथ के चरणों में माथा टेका और कृतज्ञता स्वरूप ट्रॉफी उनके चरणों में रख दी। उन्होंने भावुक अंदाज में कहा, ''मैंने अपने अंदर के कलाकार को कभी मरने नहीं दिया। एक छोटे से मिट्टी के घर में पले-बढ़े होने के कारण मुझे संदेह था कि क्या मैं कभी इतना बड़ा पुरस्कार जीत पाऊंगा, लेकिन कड़ी मेहनत रंग लाती है। लापता लेडीज फिल्म का ऑस्कर तक पहुंचना इसका प्रमाण है।'' अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए, अभिनेता से सांसद बने रवि किशन ने कहा, ''मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी, अपने बच्चों, अपनी निर्देशक किरण राव, निर्माता आमिर खान, टाइम्स ऑफ इंडिया और फिल्म फेयर को समर्पित करता हूं।'' उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई देने के लिए फोन किया था। गुजरात के अहमदाबाद में पिछले सप्ताह आयोजित प्रतिष्ठित फिल्मफेयर अवार्ड समारोह में रवि किशन को फिल्म 'लापता लेडीज' में बेहतरीन अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार दिया गया था।

### विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा, जन सुराज पार्टी को मजबूत करने पर दूंगा ध्यान: प्रशांत किशोर

**पटना :** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को एक बड़ा राजनीतिक ऐलान करते हुए कहा कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी के व्यापक हित में लिया गया है ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके। पूर्व चुनाव रणनीतिकार किशोर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए विशेष साक्षात्कार में यह भी कहा कि यदि जन सुराज पार्टी को 150 से कम सीटें मिलती हैं तो इसे उनकी हार मानी जाएगी। उन्होंने कहा, अगर जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव जीतती है, तो इसका राष्ट्रीय राजनीति पर दूरगामी असर पड़ेगा। देश की राजनीति की दिशा बदल जाएगी।

## तेजस्वी यादव के पास करीब 8.1 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के पास करीब 8.1 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति है। यह जानकारी उनके नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथपत्र में दी गई है। तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। शपथपत्र के अनुसार, यादव की पत्नी राजश्री उर्फ रैचेल आयरिस गोडिन्हो के पास 1.88 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में पहले चरण में छह नवंबर को मतदान होगा। तेजस्वी यादव वर्तमान में इसी सीट से विधायक हैं। उन्होंने पहली बार 2015 में इस सीट से जीत हासिल की थी। बिहार में दो चरणों में छह नवंबर और 11 नवंबर को विधानसभा चुनाव होंगे। शपथपत्र के मुताबिक, तेजस्वी यादव के पास 6.12 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 1.88 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। उनकी पत्नी राजश्री के पास 59.69 लाख रुपए मूल्य की अचल संपत्ति है। तेजस्वी के पास 1.5 लाख रुपए नकद हैं, जबकि उनकी पत्नी के पास एक लाख रुपए नकद हैं। राजद नेता के नाम पर कई बैंक खाते हैं और उन पर 55.55 लाख रुपए की देनदारी है।



राघोपुर विधानसभा सीट से तेजस्वी यादव ने दाखिल किया नामांकन

## बिहार विधानसभा चुनाव : अनंत सिंह के पास 37 करोड़ की संपत्ति, 28 आपराधिक मामले दर्ज



**पटना :** बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) के उम्मीदवार अनंत सिंह ने नामांकन दाखिल करते हुए 37.88 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। यह जानकारी उनके द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे में दी गई है। हलफनामे में कहा गया है कि बाहुबली की छवि वाले सिंह के खिलाफ 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने मंगलवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया था। उन्होंने यह नामांकन जद (यू) की ओर से टिकट मिलने के बाद दाखिल किया। सिंह को उनके समर्थक 'छोटे सरकार' के नाम से पुकारते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जद(यू)की आधिकारिक उम्मीदवार सूची जारी होने से पहले ही सिंह ने शीर्ष नेतृत्व से अनुमति प्राप्त कर नामांकन कर दिया था।

### बच्चे की हत्या कर शव संदूक में छुपाया, आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर (उप्र) :** बुलंदशहर जिले के नरसैना क्षेत्र में 18 महीने के एक बच्चे का शव संदूक में छुपा दिया गया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि नरसैना थाना क्षेत्र के नित्यानन्दपुर नंगलिया गांव से 18 महीने के एक बच्चे के गुम होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की गई तो बच्चे का शव उसके पड़ोसी अंकुश के घर से बरामद हुआ। शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अंकुश को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बच्चे की हत्या का जुर्म कुबूल कर लिया। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि बच्चे का गला दबाकर हत्या की गई है। ग्रामीण सचिन ने बताया कि अंकुश बच्चे को उठाकर अपने घर में ले गया। लोगों ने उसकी तलाश की। पुलिस ने संदेह होने पर अंकुश के घर में रखा संदूक खोलने को कहा। उसमें रजाई के बीच में बच्चे का शव पाया गया।

## भाजपा ने 12 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, मैथिली ठाकुर अलीनगर से लड़ेंगी चुनाव



**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 12 उम्मीदव-ारों की दूसरी सूची जारी कर दी, जिसके साथ ही पार्टी ने अब तक कुल 83 प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। भाजपा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक के तौर पर 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने लोकगायिका मैथिली ठाकुर को दरभंगा जिला के अलीनगर से विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा अनुमोदित सूची में कई नए चेहरों को मौका दिया गया है, वहीं कुछ मौजूदा विधायकों को भी दोबारा टिकट दिया गया है। सूची में दरभंगा ग्रामीण, सुरसंड, हिलसा, उजियारपुर समेत कई महत्व-पूर्ण विधानसभा क्षेत्रों से उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। भाजपा ने मंगलवार को अपनी पहली सूची में 71 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। पार्टी इस बार गठबंधन के तहत 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी नेत-ाओं ने बताया कि दूसरी सूची में सामाजिक, क्षेत्रीय और युवाओं के प्रतिनिधित्व का संतुलन रखा गया है ताकि पर राज्य में राजग का जनाधार मजबूत किया जा सके। लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने भी बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने 14 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। चिराग पासवान की पार्टी की सूची के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले के गोविंदगंज सीट से राजू तिवारी, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह और सिवान की दरौली (अनु.जाति) सीट से विष्णु देव परमार को उम्मीदवार बनाया गया है।

### जैसलमेर बस हादसे में मृतकों की संख्या 21 हुई, 14 घायलों का इलाज जारी

**जोधपुर :** राजस्थान में जैसलमेर बस हादसे में मृतकों की संख्या बुधवार को बढ़कर 21 हो गई । अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झुलसे हुए 14 लोगों का अब भी यहां इलाज चल रहा है जिनमें से चार जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। अधिकारियों के अनुसार हादसे में झुलसे आठ साल के बच्चे की जोधपुर के एमजी अस्प-ताल में मौत हो गई। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने कहा, ''चार लोग जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं।'' मंगलवार को दोपहर में जोधपुर जा रही एक निजी बस में जैसलमेर से रवाना होने के बमुश्किल दस मिनट बाद आग लग गई। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई और 19 यात्री जिंदा जल गए और 16 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से घायलों में से एक ने मंगलवार रात अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

## जद(यू) ने घोषित किए 57 उम्मीदवार, विजय चौधरी समेत कई मंत्रियों को टिकट

**पटना :** जनता दल (यूनाइटेड) ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें पार्टी ने अनुभव और सामाजिक संतुलन का ध्यान रखते हुए कई मौजूदा मंत्रियों, वरिष्ठ नेताओं तथा चर्चित चेहरों पर भरोसा जताया है। पार्टी की ओर से जारी सूची में विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मदन सहनी, रत्नेश सदा और महेश्वर हजारी के नाम शामिल हैं। पार्टी ने इन सभी मौजूदा मंत्रियों पर भरोसा बरकरार रखा है। सूची में कई ऐसे नाम भी हैं जो हाल में राजनीतिक रूप से चर्चा में रहे हैं। इनमें पूर्व मंत्री श्याम रजक और बाहुबली नेता अनंत कुमार सिंह प्रमुख हैं। करीब एक वर्ष पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) छोड़कर जद(यू) में वापसी करने वाले श्याम रजक को पार्टी ने टिकट दिया है। मोकामा के बाहुबली नेता अनंत कुमार सिंह को भी जद(यू) ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सिंह ने मंगलवार को ही नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। जद(यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को महनार सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने भी मंगलवार को नामांकन दाखिल किया था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस कदम के जरिए जद(यू) ने प्रदेश संगठन और नेतृत्व को चुनावी मैदान में उतरने का संदेश दिया है। मंत्री मदन सहनी को बहादुरपुर, रत्नेश सदा को सोनबरसा, महेश्वर हजारी को कल्याणपुर, विजय कुमार चौधरी को सरायरंजन और श्रवण कुमार को नालंदा से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

### झारखंड में हाथियों की संख्या 678 से घटकर 217 हुई, मानव-हाथी संघर्ष को बताया जा रहा जिम्मेदार

**रांची :** झारखंड में जंगली हाथियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है और यह मात्र 217 रह गई है, जो 2017 के 678 के आंकड़े से काफी कम है। देश में पहली बार डीएनए आधारित हाथी गणना में यह जानकारी दी गई है। वन्यजीव विश-षज्ञों ने इसे चिंताजनक बताया है और हाथियों की संख्या में कमी के लिए मानव-हाथी संघर्ष की बढ़ती घटनाओं, हाथियों के आवागमन के गलियारों और उनके रहने के स्थानों पर अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराया है।

## अलीगढ़ के जवां कस्बे में 'अवैध' ढांचों पर चला बुलडोजर



**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ जिले के जवां कस्बे में बड़ी संख्या में कथित 'अवैध' इमारतों और ढांचों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। उप जिलाधिकारी महिमा चौधरी ने बताया कि जिन लोगों ने अवैध ढांचे बनाए थे उन्हें तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू किये जाने से तीन दिन पहले ही नोटिस दे दिए गए थे। चौधरी ने कहा कि बड़े पैमाने पर पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की मौजूदगी में यह अभियान मंगलवार सुबह से जारी है। यह मुहिम चार दिन पहले करण सिंह नामक एक युवक की चाकू से हमला करके हत्या किए जाने को लेकर उत्पन्न सांप्रदायिक तनाव के बाद शुरू की गई है। इस हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोपियों के घरों को बुलडोजर चलाकर गिराने की मांग की थी। शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर जवां कस्बे में मंगलवार को शुरू हुआ यह अभियान बुधवार को भी जारी रहा।

## अयोध्या में रामायण पर दुनिया का पहला मोम संग्रहालय तैयार



**अयोध्या :** राम जन्मभूमि के प्रांगण में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद अब यह धाम एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। यहां त्रेता युग की पुनर्रचना करते हुए दुनिया का पहला रामायण वैक्स म्यूजियम मोम संग्रहालय बनकर तैयार हो चुका है। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग स्थित काशीराम कालोनी के सामने बना यह म्यूजियम न केवल भक्तों के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी वैश्विक स्तर का आकर्षण साबित होगा। एक सरकारी बयान के मुताबिक नौवें दीपोत्सव समारोह में इसका लोकार्पण होने की प्रबल संभावना है। 9850 वर्ग फीट क्षेत्र में फैले इस पूर्णतः वातानुकूलित संग्रहालय को बनाने में छह करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यहां श्री राम समेत 50 प्रमुख पात्रों की जीवंत मोम वैक्स प्रतिमाएं प्रदर्शित होंगी, जो रामायण की पूरी कथा को जीवंत कर देंगी। संग्रहालय में एक साथ 100 लोगों को प्रवेश की अनुमति होगी। जैसे ही दर्शक अंदर कदम रखेंगे, त्रेता युग की महक और राम धुन की मधुर ध्वनि से भर जाएगा पूरा वातावरण। हर कोने में लगी स्पीकर से निरंतर 'राम तारक मंत्र' और भक्ति भजनों की धुन बजेगी, जो मन को शांति और भक्ति से भर देगी। संग्रहालय का निर्माण दक्षिण भारतीय वास्तु शैली में किया गया है, जो दक्षिण भारत की पारंपरिक स्थापत्य कला का सुंदर संगम दर्शाता है। दो मंजिला इस भवन में भूतल पर रामलला के बाल रूप से लेकर सीता स्वयंवर तक की घटनाएं चित्रित हैं, जबकि पहली मंजिल पर वनवास, लंका दहन और राम-रावण युद्ध की भव्य झलक मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3235

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| ■ | | ■ | 8 | | 9 | | ■ | 10 | |
| 11 | | 12 | | ■ | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | | ■ | 14 | | | | 15 | ■ |
| 16 | 17 | | ■ | | ■ | ■ | 18 | | 19 |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | | ■ | ■ | 23 | | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | | ■ | 27 | | |
| 28 | | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ |

*बायें से दायें:-* 1) आत्मीयता, 5) अस्वीकार, 8) बेड़ी 10) छोटी पहाड़ी, 11) अलमस्त, 14) छटपटाना, 16) सरोज, 18) भारी वस्तु गिरने का शब्द, 20) झपटना, 21) एक *अंग्रेजी* तौल, 22) नष्ट, 23) गुल्लक, 24) प्रेम, 25) घेरना, 27) मेघ, 28) निशाना, 29) पथिक.

*ऊपर से नीचे:-* 2) वायु, 3) शुरुआती, 4) नकबेसर, 5) नस, 6) जंगली औषधीय वनस्पति, 7) भाग्य; माथा, 9) एक पौधा जिसके फल से रुई निकलती है, 11) खाल का बना पानी भरने का थैला, 12) रौनक, 13) साजसिंगार, 14) खींच-कर बाँधना, 15) शीर्षक, 17) घर के भग्नावशेष, 19) फलस, 21) शौचालय, 22) तुरंत, 23) तट, 24) बिछाने का कपड़ा, 26) एक मिठाई, 27) विद्रोही.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | फ़ | सो | स | ■ | म | ■ | अ | ने | क |
| स | ■ | ■ | म | द | हो | श | ■ | पा | ल |
| म | हा | दे | व | ■ | द | ■ | ति | ल | क |
| ■ | थी | ■ | य | ■ | य | कृ | त | ■ | ल |
| अ | ■ | त | स्क | र | ■ | ति | र | छा | ■ |
| नि | र्भ | र | ■ | ■ | बा | ■ | बि | ■ | अ |
| र्ब | ■ | ब | क | वा | द | ■ | त | प | स्वी |
| ध | रा | त | ल | ■ | शा | य | र | ■ | का |
| ■ | धा | र | ■ | लो | ह | ■ | ■ | शू | र |

## सुडोकू-पहेली-3192

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | | 4 | | 2 | |
| | | | | | 3 | 8 | | |
| | | | | 5 | | 7 | 4 | |
| | | 8 | 2 | | | | | 3 |
| 5 | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| | 9 | 6 | | | | | | 1 |
| | 1 | | | | | | | |
| | | 2 | 7 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3191 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 8 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 7 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 2 |

# उत्तर बंगाल आपदा पर अबतक सात हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है सरकार : ममता

## मुख्यमंत्री ने राहत कोष में पांच लाख देने की घोषणा, मंत्रियों ने एक लाख रुपये देने की अपील



**दार्जिलिंग :** दार्जिलिंग हिल्स में बुधवार को एक प्रशासनिक बैठक ममता ने बताया कि राज्य सरकार ने 'पश्चिम बंगाल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' नाम से एक नया फंड शुरू किया है। साथ ही, लोगों से उसमें दान देने की अपील की। उन्होंने मंत्री अरूप विश्वास को खाते की जानकारी पढ़ने को भी कहा। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के जिलाधिकारियों से नुकसान का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट तैयार करने और उसे कृषि विभाग को भेजने को कहा। ममता ने कहा कि सरकार ने सब्जियों और जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को सस्ती कीमतों पर बेचने के लिए 46 नए 'सुफल बांग्ला आउटलेट' खोले हैं। उन्होंने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ के बाद हमने इन आउटलेट पर 500 क्विंटल आलू भेजे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने उत्तर बंगाल में कृषि विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

### मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

उन्होंने भाजपा नीत केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि हम पैसे की भीख नहीं मांग रहे हैं, हम सब कुछ संभाल लेंगे। मुख्यमंत्री ने एसडीएमए राहत कोष के लिए अपनी पुस्तकों से जुड़ी रॉयल्टी की रकम से पांच लाख रुपये देने की घोषणा की और कहा कि राज्य का हर कैबिनेट मंत्री एक-एक लाख रुपये का दान दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि उत्तर बंगाल में आई प्राकृतिक आपदाओं के बाद केंद्र ने एक पैसा भी नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावितों के बीच राहत किट वितरित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य किसानों को फसल बीमा राशि प्रदान करता है।

### ममता ने बांग्ला भाषी प्रवासियों पर अत्याचार रोकने की मांग की

उन्होंने कहा कि हमें दिवाली, काली पूजा और छठ के दौरान सतर्क रहना चाहिए। भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों पर कथित अत्याचारों की खबरों का हवाला देते हुए ममता ने कहा कि हमारे लोगों पर दूसरे राज्यों में जाने या अपनी मातृभाषा में बात करने के लिए हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बेंगलुरु में आग लगने की घटना में उनके राज्य के सात प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई। ममता ने कहा कि अपने मूल स्थान पर लौटने वाले प्रवासियों को मजदूरों के लिए शुरू की गई कर्मश्री सामाजिक कल्याण परियोजना में नामांकित किया गया है।

### दार्जिलिंग के नौ ब्लॉक और चार महकमा सबसे ज़्यादा प्रभावित

दार्जिलिंग के नौ ब्लॉक और चार महकमा सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं। एक हजार 300 से ज़्यादा लोगों को आपदा से बचाया गया है। इस दिन, समीक्षा बैठक में उन्होंने उत्तर बंगाल में राज्य सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों का लेखा-जोखा दिया। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने कहा कि दार्जिलिंग के नौ ब्लॉक और चार महकमा सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए है। अब तक एक हजार 300 से ज़्यादा लोगों को आपदा से बचाया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक टीम, बीडीओ, डीएम, एसपी, पुलिस, एनडीआरएफ और बचाव कार्य में लगे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि दुधिया का अस्थायी पुल सात दिनों में बन जाएगा। वहां एक स्थायी पुल का काम भी चल रहा है, जो डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था। एक छोटा पैदल पुल पहले ही बन चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मिरिक बाजार, सुखिया पोखरी में राहत शिविर चल रहे है। उन्होंने कहा कि हमारापाड़ा, हमारा समाधान शिविर के काम का भी विस्तार किया गया है। ममता के अनुसार, इस आपदा में जिन लोगों के दस्तावेज़ खो गए है, उन्हें राहत शिविर से आवेदन करने पर वहीं बना दिया राहत जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ममता ने पूर्व राष्ट्रपति कलाम को दी श्रद्धांजलि

कोलकाता, समाज्ञा

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिक और दूरदर्शी नेता रहे कलाम को देश के प्रति उनके योगदान के लिए याद किया। इस दिन, ममता ने 'एक्स' पर लिखा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। वह एक महान वैज्ञानिक और दूरदर्शी नेता थे, जिनका समर्पण और विनम्रता लोगों को बड़े सपने देखने और देश की प्रगति के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती है।

# राज्य में बूथ मैपिंग में तेजी, तीन जिलों का डेटा वेबसाइट पर अपलोड

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बूथ मैपिंग प्रक्रिया में तेजी लाई है। झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर और अलीपुरद्वार जिलों का डेटा पहले ही चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार की सुबह दी।

अधिकारी के अनुसार, पश्चिम मेदिनीपुर जिले में बूथ मैपिंग 62.94 प्रतिशत पूरी हो चुकी है, झाड़ग्राम में 51.36 प्रतिशत और अलीपुरद्वार में 53.73 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। इन तीन जिलों के अलावा कई अन्य जिलों में भी बूथ मैपिंग का काम तेजी से चल रहा है। पुरुलिया में अब तक 61.29 प्रतिशत, कलिम्पोंग में 64.27 प्रतिशत, मालदह में 54.49 प्रतिशत और कोलकाता उत्तर में 55.35 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। उत्तर 24 परगना में प्रक्रिया 45 प्रतिशत तक पहुंची है, जबकि दक्षिण 24 परगना में यह 50 से 55 प्रतिशत के बीच है।

अधिकारी ने बताया कि ये आंकड़े 2002 के एसआईआर मानक के आधार पर तैयार किए जा रहे हैं। जिन जिलों का डेटा अपलोड किया जा चुका है, वहां के मतदाता अब अपने ईपीआईसी नंबर के जरिए ऑनलाइन अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मैपिंग कार्य दिवाली अवकाश से पहले तेज किया गया है, जो 18 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। सभी जिला मजिस्ट्रेट, जो जिले के निर्वाचन अधिकारी भी हैं, को प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए पहले 15 अक्टूबर की आंतरिक समयसीमा तय की गई थी।

# बक्खाली में मछली पकड़ते समय पलटा ट्रॉलर, एक मछुआरे की मौत व एक लापता

- **16 मछुआरों का सुरक्षित बचाया गया**
- **एक अन्य घटना में नेपाल से आए एक मछुआरे की मौत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में बक्खाली के पास हुए एक ट्रॉलर दुर्घटना के बाद बुधवार को एक मछुआरे का शव बरामद किया गया। पुलिस और प्रशासन ने 16 मछुआरों को सुरक्षित निकाल लिया है, जबकि एक मछुआरा अभी भी लापता है। लापता मछुआरे की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को हरीपुर के लालगंज से 23 मछुआरे तीन ट्रॉलरों में समुद्र में मछली पकड़ने के लिए निकले थे। रात को वे बक्खाली के समुद्र तट से 35 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में पहुंचे। वहां का पानी उथला था। वहीं ट्रॉलर मंगलचंडी में 18 मछुआरे समुद्र में डूबने लगे। इस दौरान 16 मछुआरों को दूसरे ट्रॉलर में चढ़कर अपनी जान बचाने में सफलता



मिली। फ्रेजरगंज कोस्टल पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह कमल जाना (37) का शव मिला। वहीं, देवनाथ कर (27) अभी भी लापता हैं। प्रशासन ट्रॉलर को किनारे लाकर जांच करेगा कि कहीं मछुआरे ट्रॉलर के डेक में दबे तो नहीं हैं। लापता मछुआरा फ्रेजरगंज के देवनीवास का निवासी हैं। जिन 16 मछुआरों को बचाया गया है, उन्हें किनारे लाकर स्वास्थ्य जांच के लिए भेजा जाएगा। एक अन्य घटना में, नेपाल से आए मछुआरे विशाल तिमसिना (30) का नामखाना में डूबने से निधन हो गया। विशाल नेपाल के टीचरम के निवासी थे और मछुआरी का काम कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, हातानिया-द्वानिया नदी में खड़े ट्रॉलर एफ-बी भद्रकाली में सवार होने के लिए नाव नहीं थी। मजबूरी में विशाल ने साथी मछुआरे के साथ ट्रॉलर तक पहुंचने के लिए नदी में तैरना शुरू किया, लेकिन तेज धारा में वह डूब गए। उनका शव बाद में नदी में तैरता हुआ मिला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

**नाम परिवर्तन**

मैं, हर्ष हरेंद्र राणा, पिता-हरेंद्र महादेव राणा, निवासी- तीसरी मंजिल, फ्लैट-303, तनवीर हाइट अपार्टमेंट, पोद्रा, पोद्रा, पी.ओ.- पोद्रा, हावड़ा-711109, घोषणा करता हूं कि मेरे पिता का वास्तविक नाम पैन और वोटर कार्ड में हरेंद्र राणा है, आधार कार्ड में हरेंद्र एम. राणा है (गलत उल्लेख किया गया है), इसलिए, अब से हावड़ा में नोटरी पब्लिक के समक्ष हरेंद्र महादेव राणा के रूप में जाना जाएगा, दिनांक 13.10.2025, हरेंद्र महादेव राणा और हरेंद्र राणा/हरेंद्र एम. राणा सभी एक ही हैं और एक समान व्यक्ति हैं।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**शुद्धिपत्र**

**सं. पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई-प्रोक्योरमेंट/कॉरिजेंडम/25/29, दिनांक: 10.10.2025।** निम्नलिखित ई-निविदा/(ओं) का शुद्धिपत्र इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के निर्माण हेतु सामग्री की आपूर्ति के लिए है। संभावित/संभाव्य आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे विस्तृत निर्देशों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ये ई-निविदाएँ हैं केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रस्ताव बोलियाँ स्वीकार की जाएंगी। **क्रम सं.: [01]।** निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच/ई-प्रोक्योरमेंट/50 का **क्रम सं. 305** दिनांकः 24/09/2025। **निविदा सं.: 14252953बी। निविदा खुलने की तिथि:** निविदा खुलने की तिथि को मौजूदा प्रविष्टि के स्थान पर '31/10/2025' के रूप में पढ़ा जाए।

**PR1-225 पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/हावड़ा**

Like us on : www.facebook.com/clwrailways

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत सेवा अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्य के लिए 07.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या: एडीईई-सोलर-2025-5आर-4, दिनांक 14.10.2025। कार्य का विवरण:** गार्डनरीच में 55 अदद 10 केडब्ल्यूपी, 21 अदद 5 केडब्ल्यूपी तथा 46 अदद 2 केडब्ल्यूपी ऑन ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,66,50,221.80 (लागू अनुसार जीएसटी सहित)। **बयाना राशि:** ₹ 3,33,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी-2022 के अनुसार ई-निविदा के चलते)। **बंद होने की तारीख:** 07.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छः) महीना। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-727)**

# भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का स्पष्ट निर्देश, नई राज्य समिति में संगठन को प्राथमिकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में भाजपा अक्टूबर में अपनी नई राज्य समिति घोषित करने जा रही है। इससे पहले पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई को निर्देश दिया है कि नई समिति में ऐसे नेताओं को शामिल किया जाए, जो चुनाव लड़ने के बजाय संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दें। सूत्रों के अनुसार, नई राज्य समिति में कुल 31 सदस्य होंगे। केंद्रीय नेतृत्व चयन प्रक्रिया पर करीबी नजर रखे हुए है और उसने साफ कहा है कि कुछ अपवादों को छोड़कर ज्यादातर सदस्य केवल संगठनात्मक काम पर केंद्रित रहें। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल स्वयं एक ऐसी टीम बनाने के पक्ष में हैं, जो पूरी तरह संगठन सशक्तिकरण को समर्पित हो। वर्तमान समिति के कुछ ऐसे सदस्य जो पहले से निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं या नई समिति में बनाए रखे गए हैं, उन्हें अपवाद स्वरूप रखा जाएगा। लेकिन, नए शामिल होने वाले सदस्यों को संगठनात्मक दायित्वों पर ही ध्यान केंद्रित करने और चुनावी राजनीति से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने पाया है कि जिन नेताओं के पास संगठनात्मक जिम्मेदारी के साथ-साथ जनप्रतिनिधि का पद भी होता है, वे दोनों भूमिकाओं में संतुलन नहीं बना पाते। इस स्थिति से बचने के लिए पार्टी चाहती है कि नई राज्य समिति के अधिकांश सदस्य संगठन निर्माण में पूर्णकालिक भूमिका निभाएं।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी स्थायी कुलपति नियुक्ति में देरी

## राजभवन ने फिर लौटाई फाइल

**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद पश्चिम बंगाल के छह विश्वविद्यालयों - जिनमें कोलकाता और जादवपुर विश्वविद्यालय भी शामिल हैं - में स्थायी कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया अब भी अटकी हुई है। इस मुद्दे पर राजभवन और उच्च शिक्षा विभाग के बीच फिर एक नया विवाद खड़ा हो गया है।

उच्च शिक्षा विभाग के सूत्रों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रति राजभवन को भेजे जाने के बावजूद, वहां से यह कहते हुए फाइल वापस भेज दी गई कि छह कुलपतियों के नामों की सूची क्यों



नहीं दी गई। जबकि विभाग का कहना है कि नामों की यह सूची सुप्रीम कोर्ट की ओर से भेजी जानी है, न कि विभाग की ओर से।

इस ग़लतफ़हमी और टालमटोल के कारण विश्वविद्यालयों में शोध कार्यों और प्रशासनिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ रहा है। कई शिक्षकों ने चिंता जताई है कि इस स्थिति में विदेशों से अनुसंधान सहयोग और परियोजनाओं का प्रवाह भी रुक सकता है।

जानकारी के अनुसार, 9 नवंबर को उच्च शिक्षा विभाग ने सुप्रीम कोर्ट का आदेश राजभवन को भेज दिया था, जिसके बाद राजभवन ने फाइल यह कहते हुए लौटा दी कि नामों की सूची संलग्न नहीं है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नाम सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही भेजे जाएंगे और फिलहाल इंतजार के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

# वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में सोनारपुर से युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्तीय धोखाधड़ी के आरोप में सोनारपुर से एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम दीपक साव है। उस पर, 2023 से 2025 तक इन तीन वर्षों में लगभग 10 लाख रुपये का गबन का आरोप है। बताया गया है कि दीपक साव एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करता था और विभिन्न वाहनों से कलेक्शन इकट्ठा करने का काम करता था। लेकिन, दीपक ने पैसे जमा करने के बजाय अपने पास रख लिए। आरोप है कि उसने 2023 से इस तरह से लगभग 10 लाख रुपये का गबन किया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के प्रमुख दिबाकर सेन के बार-बार संपर्क करने के बावजूद, दीपक ने उसे पैसे वापस करने से इनकार कर दिया। इस महीने, उसने पैसे देने के बहाने



दिबाकर को सोनारपुर बाजार के पास बुलाया। वहां, उसने कथित तौर पर कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी पिटाई की। अंत में, दिबाकर सेन ने सोनारपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर रही है और गबन की गई रकम की बरामदगी के प्रयास भी कर रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि गिरफ्तार व्यक्ति के अलावा इस घटना में कोई और तो शामिल नहीं है।

# दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने ममता से मांफी मांगी, बताया 'मां समान'

## दो दिन पहले ही की थी आलोचना

**दुर्गापुर :** पश्चिम बंगाल में 'औरंगजेब के शासन' का दावा करने के दो दिन बाद, दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 'मां समान' बताया और आग्रह किया कि अगर उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ कुछ भी गलत कहा हो तो माफ कर दें। पीड़िता के पिता ने मुख्यमंत्री से अपनी बेटी को न्याय दिलाने में मदद करने की भी अपील की। हालांकि, यह भी कहा कि वह बेटी को ओडिशा वापस अपने घर ले जाना चाहते हैं।

इस दिन, पीड़िता के पिता ने मीडिया से कहा कि ममता बनर्जी मेरे लिए मां जैसी हैं। अगर मैंने कुछ भी गलत कहा है, तो मैं उनसे माफी मांगता हूं। मैं उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करूंगा। लेकिन, मैं उनसे अपनी बेटी को न्याय दिलाने में मदद करने का अनुरोध करता हूं। इसके साथ ही पिता ने सोमवार को ममता बनर्जी की इस टिप्पणी की आलोचना की कि महिलाओं को रात में बाहर नहीं निकलना चाहिए, और कहा कि अब वह पश्चिम बंगाल में सुरक्षित महसूस नहीं करते। वहीं, पीड़िता के पिता ने कहा कि इलाज कर रहे डॉक्टरों द्वारा बेटी को स्वस्थ घोषित किए जाने के बाद वह उसे घर वापस ले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मैं इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहा हूं। मुझे लगता है कि यह बेहतर होगा, लेकिन यह राज्य प्रशासन पर भी निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि सोनार बांग्ला, सोनार बांग्ला बना रहे। लेकिन मैं अपनी बेटी को वापस घर ले जा रहा हूं। मैंने सोचा था कि वह यहां पढ़ाई करके डॉक्टर बनेगी। लेकिन नहीं चाहता कि बंगाल की दूसरी बेटियों के साथ भी ऐसा ही हो।

### मालदह में भीषण आगलगी में तीन प्लास्टिक गोदाम जलकर राख

**मालदह :** जिले के कालियाचक थाना अंतर्गत जलालपुर पंचायत के डांगा इलाके में तीन प्लास्टिक के गोदाम भीषण आग में जलकर खाक हो गया है। आग मंगलवार की देर रात लगी थी, लेकिन बुधवार की सुबह तक आग की लपट उठती रही। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल था। मिली जानकारी के अनुसार, आग लगने के बाद इलाके के निवासियों ने आग बुझाने की कोशिश किया। कालियाचक थाने की पुलिस को सूचना दी गई। चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था। इस बीच, आग के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया था। नतीजतन, भीषण जाम लग गया था।

# कुलतली में दामाद ने ससुर और सास पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के कुलतली थाना अंतर्गत श्यामनगर गांव में मंगलवार की रात एक दामाद ने ससुराल में घुसकर अपने ससुर और सास पर जानलेवा हमला किया। घटना को लेकर इलाके में काफी उत्तेजना फैल गई। पुलिस ने आरोपी दोमाद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम कालिदास नस्कर है। वह कुलतली थाना अंतर्गत देउलबाड़ी गांव का निवासी है। बताया गया है कि कालिदास के साथ सात महीने पहले श्यामनगर गांव के निवासी जगदीश दास की बेटी सुष्मिता दास की शादी हुई थी। कथित तौर पर, शादी के बाद से ही परिवार में अक्सर अशांति लगी रहती थी। यह अक्सर बढ़ जाती थी। अशांति के कारण सुष्मिता हाल ही में अपने



पिता के घर रहने लगी थी। हालांकि, दामाद इससे सहमत नहीं था। इसे लेकर भी दोनों परिवारों के बीच बहस हुई। कथित तौर पर, मंगलवार की रात कालीदास अचानक अपने ससुराल आया। अशांति अचानक चरम पर पहुंच गई। उसने सुष्मिता को जबरदस्ती अपने साथ वापस ले जाने की कोशिश करने लगा। बेटी की चीख सुनकर माता-पिता वहां पहुंचे और अपने दामाद के हाथों से उसे छुड़ाने की कोशिश करने लगे। इस पर, कालीदास गुस्से में आ गया। कथित तौर पर, उसने पास में रखे चाकू से दोनों पर वार करना शुरू कर दिया। उनकी चीख सुनकर पड़ोसी भी दौड़े आए। इस बीच, मामला बिगड़ता देख कालीदास ने भागने की कोशिश की। लेकिन, उसे पड़ोसियों ने पकड़ लिया। उसे घेर लिया और फिर पीटा गया। पूरा इलाका तनावपूर्ण हो गया। खबर कुलतली थाने में पहुंची। पुलिस ने मौके पर जाकर कालीदास को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ जारी है। घटना के मूल कारणों का पता लगाने के लिए सुष्मिता के परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। दूसरी ओर, घायल दंपति को लहूलुहान अवस्था में कुलतली ब्लॉक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 13.10.2025;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: टीएन-126-25-26; कार्य का नाम:** सियालदह स्टेशन में : वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/सियालदह के अधीन सियालदह स्टेशन में पुराने स्टेशन भवन की छत की मरम्मत, मेन बुकिंग क्षेत्र में शॉर्टक्रेटिंग कार्य, पीएफ सं. 7 एवं 8 पर खम्भा मजबूतीकरण तथा पेंटिंग कार्य, सियालदह स्टेशन में स्रोत से उपचारित जल की आपूर्ति, सुगम जल आपूर्ति के लिए वॉल्व कर्मियों द्वारा ओएच टैंक में मोटर एवं वॉल्वों का संचालन तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,09,50,871.36; **ईएमडी:** रु. 2,04,800; **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.11.2025 को 15.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 07.11.2025 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-229/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भाजपा ने पार्टी सांसद समेत अन्य नेताओं पर हमले के विरोध में निकाली रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा ने पिछले सप्ताह जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा इलाके में पार्टी सांसद खगेन मुर्मू पर हुए हमले के विरोध में बुधवार को कोलकाता में 'कॉलेज स्क्वायर' पर एक रैली निकाली। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में हुई इस रैली में जनजातीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारे लगाए और उस पर राज्य में विपक्ष के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। पार्टी के झंडे और तख्तियां थामे प्रदर्शनकारियों ने मालदह उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद मुर्मू पर हुए हमले में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की और आरोप लगाया कि राजनीतिक हिंसा ममता बनर्जी के शासन की पहचान बन गई है। इस दौरान, केंद्रीय मंत्री



और भाजपा नेता सुकांत मजूमदार ने कहा कि बंगाल में एक मौजूदा सांसद भी सुरक्षित नहीं है। कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। खगेन मुर्मू पर हुआ हमला दर्शाता है कि सत्तारूढ़ दल अपने विरोधियों को चुप कराने के लिए किस प्रकार हिंसा का इस्तेमाल करता है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि उत्तर बंगाल में भाजपा के एक प्रमुख जनजातीय नेता मुर्मू पर 'तृणमूल समर्थित गुंडों' ने पिछले हफ्ते उस समय हमला किया जब वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने नागराकाटा जा रहे थे। भाजपा ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान पुलिस 'मूकदर्शक' बनी रही और हमले के कई दिनों बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### खगेन मुर्मू और शंकर घोष पर हमले के बाद कई भाजपा नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी

**केंद्र सरकार ने राज्य के कई शीर्ष भाजपा नेताओं की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का निर्णय लिया है। यह कदम हाल ही में पार्टी नेताओं पर हुए हमलों के मद्देनजर उठाया गया है। राज्य गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए राज्य में कुछ भाजपा नेताओं की सुरक्षा को तत्काल मजबूत करने की आवश्यकता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय इस दिशा में राज्य गृह विभाग के साथ समन्वय कर रहा है ताकि अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सूत्रों के अनुसार, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार और राज्य भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य उन नेताओं में शामिल हैं, जिनकी सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, जो सामान्यतः सुरक्षा कर्मियों के बिना चलते हैं, को भी अब सुरक्षा घेरे में लेने पर विचार किया जा रहा है। राज्य भाजपा सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय फिलहाल शीर्ष नेताओं अग्निमित्रा पॉल, लॉकेट चटर्जी, सांसद मनोज टिग्गा, पूर्व मंत्री निशीथ प्रमाणिक और अभिजीत गांगोपाध्याय की सुरक्षा स्थिति की भी समीक्षा कर रहा है।**



## दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामला : अदालत ने पीड़िता के दोस्त को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा




**दुर्गापुर :** पश्चिम बर्दवान जिले की एक अदालत ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई एक छात्रा के दोस्त को बुधवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उल्लेखनीय है कि ओडिशा निवासी द्वितीय वर्ष की छात्रा से शुक्रवार की रात दुर्गापुर स्थित निजी मेडिकल कॉलेज के परिसर के बाहर कुछ लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस दौरान, वह अपने दोस्त के साथ रात्रिभोज के लिए बाहर गई थी। उसे घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। वह इस मामले में गिरफ्तार किया गया छठा व्यक्ति है।

### गिरफ्तार पांचों आरोपितों का डीएनए टेस्ट पूरा, रिपोर्ट का इंतजार

दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज की छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार पांचों आरोपितों का डीएनए परीक्षण पूरा हो गया है। अब रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जांच टीम में शामिल एक अधिकारी ने बुधवार की दोपहर को बताया कि जांच की दिशा स्पष्ट करने में डीएनए रिपोर्ट की भूमिका बेहद अहम है। जांचकर्ताओं का मानना है कि रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि वारदात में किसकी प्रत्यक्ष भूमिका थी। पुलिस कमिश्नर सूनिल कुमार चौधरी ने बताया कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उधर, पीड़िता की स्थिति में अब सुधार बताया जा रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, वह धीरे-धीरे स्वस्थ हो रही है।

### राज्यपाल ने दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट : अधिकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी है। राजभवन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट में, बोस ने मामले में अपने निष्कर्षों और पीड़िता व उसके माता-पिता के साथ अपनी बातचीत का विस्तृत विवरण दिया है। अधिकारी ने बताया कि दुर्गापुर मामले में राज्यपाल के निष्कर्षों के संबंध में एक रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई है। रिपोर्ट की एक प्रति गृह मंत्रालय को भी भेजी गई है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल दुर्गापुर गए थे और पीड़िता और उसके माता-पिता से बात की थी।

## बीरभूम में रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल, दो एएसआई निलंबित

**पुलिस कर्मियों पर दो ट्रकों को छोड़ने के लिए 1.40 लाख रुपये वसूलने का आरोप**

**बीरभूम :** जिले के मोहम्मदबाजार थाना क्षेत्र के दो सहायक उपनिरीक्षकों (एएसआई) को ट्रक मालिकों से वसूली करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उस वक्त की गई जब ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों का रिश्वत लेते हुए वीडियो जारी किया। संगठन के अध्यक्ष अनस अहमद ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि हमारे ट्रक मालिक पुलिस की वसूली और अत्याचार के शिकार हैं। ऐसे घटनाएं हर दिन हो रही हैं। यदि यह नहीं रुकीं, तो हम हड़ताल पर चले जाएंगे। अहमद ने बताया कि पुलिस ने रेत से भरे दो ट्रकों को जब्त किया और उन्हें छोड़ने के लिए प्रत्येक वाहन से 70 हजार रुपये की मांग की। कुल 1.40 लाख रुपये वसूले जाने के बाद ट्रक मालिक संघ ने इस घटना का विरोध किया। उन्होंने मंगलवार को बीरभूम जिले के मोहम्मदबाजार में एक संवाददाता सम्मेलन कर पुलिस की आलोचना की और रिश्वतखोरी का वीडियो सार्वजनिक किया। इस पर, बीरभूम के पुलिस अधीक्षक अमनदीप ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की शाम सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए, जिनमें दो एएसआई शफिउल आलम और किरण मंडल को पुलिस वर्दी में कुछ लोगों से पैसे लेते हुए देखा गया। वीडियो सामने आते ही दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग ऐसे किसी भी अनुचित आचरण का समर्थन नहीं करता। साथ ही, एसपी ने स्पष्ट किया कि बीरभूम जिला पुलिस का उन दोनों अधिकारियों द्वारा ली गई रकम से कोई लेना-देना नहीं है।

### बिलियन हार्ट्स ने लॉन्च किया पिकसी

**बेंगलुरु/कोलकाता :** बिलियन हार्ट्स सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज़, जिसे सीरियल उद्यमी मयंक बिदावतका (कू के सह-संस्थापक) ने स्थापित किया है, ने अब दुनिया का पहला एआई-संचालित म्यूचुअल फोटो शेयरिंग ऐप पिकसी लॉन्च किया है। मयंक बिदावतका, संस्थापक, पिकसी, ने कहा: दुनिया में 15 ट्रिलियन से ज़्यादा तस्वीरें हैं, और हर साल 2 ट्रिलियन नई क्लिक होती हैं, फिर भी इनका बड़ा हिस्सा कभी शेयर नहीं होता। लोग भूल जाते हैं या फिर उन्हें कोई वजह नहीं दिखती, क्योंकि उन्हें कुछ वापस नहीं मिलता। पिकसी इस समस्या का सबसे सुंदर समाधान है। यह दुनिया का पहला म्यूचुअल फोटो शेयरिंग ऐप है।

## न्यू कूचबिहार रेलवे स्टेशन पर 50 लाख से अधिक मूल्य का गांजा जब्त

❑ एक महिला समेत पांच तस्कर गिरफ्तार



**कूचबिहार :** न्यू कूचबिहार रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम में राज्य पुलिस की एसटीएफ ने छापेमारी कर कई सौ किलो अवैध गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, एसटीएफ को खबर मिली थी कि कुछ लोग ट्रेन के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की एक विशेष टीम ने न्यू कूचबिहार स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई। मंगलवार की शाम संदिग्धों के बैग की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में पुलिस को तस्करी नेटवर्क के बारे में कई अहम सुराग मिले हैं। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, बरामद गांजा असम से राज्य के विभिन्न हिस्सों में भेजा जाना था।

बरामद माल की जांच की जा रही है और गिरफ्तार सभी आरोपितों से पूछताछ जारी है। मामले की गहराई से जांच कर यह पता लगाया जा रहा है कि इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## बर्दवान मेडिकल कॉलेज से नवजात चोरी मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार, बच्चा सकुशल बरामद



**बर्दवान :** बर्दवान मेडिकल कॉलेज व अस्पताल से नवजात शिशु चोरी के मामले में पुलिस ने एक महिला और उसकी मां को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं के नाम रिंकी खातून उर्फ रुमकी खातून और मनीरा बीबी हैं। दोनों को मंगलवार की रात गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बच्चे की मां सेलेफा खातून अपने नवजात बेटे को अस्पताल के आउटडोर चिल्ड्रेन वार्ड में डॉक्टर को दिखाने लाई थीं। मां और नानी बच्चे के साथ प्रसूति वार्ड की बरामदे में बैठी थीं। तभी, एक महिला आई और बच्चे को दुलारने की बात कहकर गोद में लिया। अचानक वह महिला बच्चे को लेकर वहां से फरार हो गई। घटना के बाद बच्चे की मां ने शोर मचाया और अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू की। इसके बाद, रिंकी खातून के इलाके के लोगों को शक हुआ, क्योंकि उन्होंने उसे एक बच्चे के साथ देखा था। पड़ोसियों ने पूर्व बर्दवान जिले के उत्तरपाड़ा स्थित रिंकी के किराए के घर में जाकर पूछताछ की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रिंकी खातून ने पड़ोसियों को भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें संदेह हो गया। इसके बाद, उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर बर्दवान थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। दोनों महिलाओं को बच्चा चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है कि दोनों महिलाओं ने बच्चे को चुराने का उद्देश्य क्या था। बच्चे को फिर से बर्दवान मेडिकल कॉलेज के प्रसूति वार्ड में भर्ती कराया गया है।

## शमशेरगंज में जाली नोटों की तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, देवर-भाभी समेत तीन गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** जिले की शमशेरगंज थाने की पुलिस ने जाली नोटों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में देवर-भाभी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम मरियम बीबी, खबीर शेख और बेलाल हुसैन हैं। मरियम और बेलाल रिश्ते में देवर-भाभी हैं। गिरफ्तार सभी लोगों के घर मालदह के वैष्णवनगर थाने के पार बैद्यनाथपुर गांव में हैं। इन्हें मंगलवार की रात शमशेरगंज के डाकबंगला तारापुर से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के पास से छह लाख रुपये के जाली नोट बरामद किए गए। जाली नोटों की तस्करी कहां की जा रही थी? पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है। गिरफ्तार लोगों को बुधवार को जंगीपुर अदालत में पेश कर सात दिन की पुलिस हिरासत मांगी गई। जंगीपुर पुलिस जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्यजीत बरुआ ने बुधवार की सुबह शमशेरगंज थाने में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस गिरोह में और कोई शामिल तो नहीं है, इसकी जांच की जा रही है।

## हल्दिया में तेल टैंकर ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत व तीन गंभीर




**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के हल्दिया थाना इलाके में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक यात्री ऑटो को तेज रफ्तार तेल टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान रंजना प्रमाणिक (45) और सुरेश मंडल (59) के रूप में हुई है। रंजना प्रमाणिक हल्दिया के नंदीग्राम के गांगड़ा इलाके की रहने वाली थीं, जबकि सुरेश मंडल विष्णु रामचक क्षेत्र के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, हादसा हल्दिया के रानीचक इलाके में हुआ। बताया गया कि इस दिन, सुबह में सात यात्रियों से भरा एक ऑटो सिटी सेंटर की ओर जा रहा था, तभी उलालपुर दिशा से आ रही एक तेल टैंकर ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन यात्रियों को गंभीर हालत में तमलुक जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही हल्दिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर नियंत्रण किया।

### भारती एयरटेल ने एयरटेल क्लाउड को मजबूत करने के लिए आईबीएम के साथ रणनीतिक साझेदारी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारती एयरटेल ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए एयरटेल क्लाउड को और सशक्त बनाने के लिए आईबीएम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग एयरटेल क्लाउड की टेलीकॉम-ग्रेड विश्वसनीयता और डेटा सुरक्षा को आईबीएम के उन्नत क्लाउड सॉल्यूशंस, एआई इन्फरेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सॉफ्टवेयर तकनीक के साथ जोड़ने पर केंद्रित है। इस साझेदारी के तहत एयरटेल क्लाउड ग्राहक बैंकिंग, स्वास्थ्य, सरकारी और अन्य विनियमित क्षेत्रों में आईबीएम पावर11 एआई-रेडी सर्वर का उपयोग कर सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म आईबीएम पावर एआईएक्स, लिनक्स और एसएपी क्लाउड ईआरपी जैसे प्रमुख वर्कलोड का समर्थन करेगा। एयरटेल के वाइस चेयरमैन एवं एमडी गोपाल विट्टल ने कहा कि आईबीएम के साथ सहयोग से एयरटेल भारत में अपने उपलब्धता जोन को चार से बढ़ाकर दस करेगा और मुंबई व चेन्नई में नए मल्टी-जोन रीजन स्थापित करेगा। आईबीएम के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रॉब थॉमस ने कहा कि यह साझेदारी भारतीय उद्यमों को एआई और क्लाउड के युग में डिजिटल नवाचार को गति देने में मदद करेगी।

### कोका-कोला और गूगल जेमिनी ने 'फेस्टिकॉन्स' से दीवाली को बनाया खास

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस दिवाली कोका-कोला इंडिया ने गूगल के साथ साझेदारी कर परंपरा और तकनीक का संगम पेश किया है। दोनों कंपनियों ने मिलकर 'फेस्टिकॉन्स' दिवाली ग्रीटिंग्स लॉन्च की हैं, जिनसे लोग गूगल जेमिनी ऐप के जरिए अपनी व्यक्तिगत डिजिटल शुभकामनाएं बना और साझा कर सकते हैं। सीमित संस्करण के कोका-कोला फेस्टिव पैक्स पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उपभोक्ता जेमिनी ऐप में अपना यूनिक फेस्टिकॉन्स डिजाइन कर सकते हैं। इसमें वे पसंदीदा फेस्टिव शख्सियत चुनकर कस्टमाइज्ड डिजिटल स्टिकर बना सकते हैं, जिसे माईफेस्टिकॉन के साथ साझा किया जा सकता है। कोका-कोला इंडिया के मार्केटिंग सीनियर डायरेक्टर कार्तिक सुब्रमणियन ने कहा, कोका-कोला हमेशा भारत के जश्नों का हिस्सा रही है। गूगल जेमिनी से चलने वाली यह मुहिम एआई, आर्ट और कल्चर को जोड़ती है। फेस्टिकॉन्स के साथ ब्रांड ने दिवाली की पारंपरिक गर्माहट को एआई के जादू से जोड़ते हुए उत्सव मनाने का नया, पर्सनल और रचनात्मक तरीका दिया है।

### इस दिवाली, अंजलि ज्वैलर्स के साथ मनाएँ 'धनतेरस उत्सव'

**कोलकाता :** इस त्यौहारी सीज़न में, पूर्वी भारत के सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांडों में से एक, अंजलि ज्वैलर्स, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, 2025 तक अपने बहुप्रतीक्षित धनतेरस उत्सव के साथ समृद्धि और आनंद का एक शानदार उत्सव लेकर आया है। यह आयोजन सोने, हीरे, चांदी, ज्योतिषीय और कॉस्ट्यूम आभूषण श्रेणियों में कई आकर्षक ऑफर प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, अंजलि ज्वैलर्स की निदेशक, अनर्घ्य उत्तिय चौधरी ने कहा, धनतेरस धन और समृद्धि का त्योहार है, और अंजलि ज्वैलर्स में, हम चाहते हैं कि हर ग्राहक ऐसे आभूषणों के मालिक होने या उपहार में देने का आनंद अनुभव करे जो उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप हों। हमारा धनतेरस उत्सव, बेजोड़ ऑफ़र और त्योहारी सरप्राइज़ के साथ अपने ग्राहकों का आभार व्यक्त करने का एक तरीका है।

## चंदा नहीं देने पर सेना जवान पर हमला, पत्नी के साथ भी अभद्रता



**बीरभूम :** काली पूजा से पूर्व चंदा वसूली को लेकर एक सेना के जवान और उनके परिवार के साथ मारपीट की घटना से सिउड़ी में तनाव उत्पन्न हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुबराजपुर थाना अंतर्गत वनहुरी गांव निवासी तथा वर्तमान में कश्मीर में तैनात जवान गोपीनाथ दत्त अवकाश पर अपने घर आए थे। बुधवार को वे अपनी पत्नी और छोटे पुत्र को डॉक्टर दिखाने सिउड़ी आए थे। इसी दौरान, जब उनका टोटो पांच नंबर पल्ली क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी स्थानीय क्लब के कुछ युवकों ने काली पूजा के लिए चंदा मांगते हुए उनका रास्ता रोक लिया। गोपीनाथ दत्त ने बताया कि उन्होंने क्लब सदस्यों से कहा कि वे पहले बच्चे को डॉक्टर के पास दिखा देंगे, लौटते समय चंदा दे देंगे, किंतु, युवकों ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। आरोप है कि उन्होंने टोटो रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए गोपीनाथ दत्त के साथ मारपीट की। उनके मोबाइल फोन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा उनकी पत्नी के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। सूचना पाकर सिउड़ी थाने की पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच प्रारंभ कर दी गई है तथा दोषियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (सुरक्षा) ने पूर्व रेलवे में सुरक्षा उपायों की समीक्षा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे बोर्ड के महानिदेशक (सुरक्षा) हरि शंकर वर्मा ने बुधवार को पूर्व रेलवे मुख्यालय में पूर्व रेलवे महाप्रबंधक मिलिंद देऊस्कर के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर महाप्रबंधक और प्रधान विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इसमें सुरक्षा प्रबंधन, दुर्घटना रोकथाम, परिचालन अनुशासन और आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री वर्मा ने अपने दौरे के दौरान हावड़ा स्टेशन, हावड़ा क्रू लॉबी और शालीमार स्टेशन का निरीक्षण किया। 14 अक्टूबर को उन्होंने शालीमार से पांसकुड़ा और पांसकुड़ा से हावड़ा तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने रनिंग स्टाफ, क्रू सदस्य और अन्य अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों से बातचीत कर सुरक्षा मानदंडों के पालन और चुनौतियों को समझने पर जोर दिया।

हावड़ा में आयोजित सुरक्षा संगोष्ठी में महानिदेशक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया और दुर्घटना-मुक्त रेल संचालन बनाए रखने के लिए सक्रिय उपायों और सतर्कता की अहमियत पर जोर दिया। इसके अलावा, श्री वर्मा ने पूर्व रेलवे के लिए आपदा प्रबंधन योजना का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। महानिदेशक के इस दौरे और सुरक्षा समीक्षा से यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय रेल संचालन में उत्कृष्टता और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों के प्रशिक्षण, सतर्कता और व्यवस्थित तैयारियों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है।

## अर्ली ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के साथ-साथ काम के बीच कैसे बनाएं सही बैलेंस

**कोलकाता, समाज्ञा :** अक्टूबर ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य न केवल शुरुआती पहचान पर ध्यान देना है, बल्कि उन महिलाओं की चुनौतियों को समझना भी है जो इलाज के साथ अपना करियर जारी रखना चाहती हैं। चेन्नई की स्किनकेयर कंपनी में डायरेक्टर प्रिया शर्मा को जब शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, तो उन्होंने नौकरी छोड़ने का विचार किया, लेकिन बाद में काम जारी रखने का निर्णय लिया। उनका कहना है, मैं नहीं चाहती थी कि ब्रेस्ट कैंसर मेरी कॅरियर छोड़ने की वजह बने।

डॉ. चंद्रकांत एम.वी., हेड - एकेडमिक्स एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, नारायणा हेल्थ, कोलकाता, ने कहा,मैंने देखा है कि शुरुआती चरण के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही कई महिलाएं उपचार के दौरान भी अपना काम जारी रखना चाहती हैं। यह इच्छा केवल आर्थिक ज़िम्मेदारियों को निभाने की वजह से नहीं होती, बल्कि अपने करियर के प्रति समर्पण और भावनात्मक रूप से सक्रिय बने रहने की चाह भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण होती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि उपचार की योजना इस प्रकार तैयार की जाए, जो सेहत और पेशेवर जीवन - दोनों के बीच संतुलन बनाए रखे। आज उपलब्ध आधुनिक थेरेपीज़ में थकान, दर्द और डायरिया जैसे साइड इफेक्ट्स अपेक्षाकृत कम होते हैं, जिससे मरीज़ अपने लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ती रह सकती हैं। साथ ही, कार्यस्थल पर अपने नियोक्ता से खुले और ईमानदार संवाद बनाए रखना भी बहुत ज़रूरी है, ताकि उपचार की समयसीमा और संभावित चुनौतियों को समझते हुए एक संतुलित वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखा जा सके।

### पूर्व मेदिनीपुर में खेलते-खेलते गले में बेलून फंसने से बच्चे की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नारायनगढ़ ब्लॉक के गहिरा शशिंदा क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। बेलून से खेलते समय एक पांच वर्षीय बालक की श्वास नली में बेलून फंसने से उसकी मृत्यु हो गई। मृत बच्चे का नाम सौम्यदीप सिंह बताया गया है। परिवार और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की शाम को वह अपने घर के पास बेलून से खेल रहा था। खेलते-खेलते अचानक बेलून उसके मुंह में चला गया और श्वास नली में फंस गया। बच्चा तुरंत बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग उसे बेलदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय प्रशासन ने मामले को अस्वाभाविक मृत्यु के रूप में दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## दिव्य सत्संग, समर्पण, श्रद्धा एवं भक्ति से ओत-प्रोत श्रीमद्भागवत् महापुराण कथा



**कोलकाता :** श्री विशुद्धानन्द अस्पताल के तत्वावधान में, दिव्य सत्संग, समर्पण, श्रद्धा एवं भक्ति से ओत-प्रोत श्रीमद्भागवत् महापुराण कथा का दिव्य आयोजन काकुरगाछी बड़ा पार्क, कोलकाता में सम्पन्न होने जा रहा है। कोलकाता के धर्मानुरागी, समाजसेवियों ने भागवताचार्य श्री रमेश भाई ओझा से गुजरात में मुलाकात कर कोलकाता पधारने का निवेदन किया। 7 नवम्बर से 13 नवम्बर 2025 तक अमृतमयी कथा का वाचन भारत के यशस्वी संत, परमपूज्य श्री रमेश भाई ओझा के श्रीमुख से सम्पन्न होगा, जो आत्मा को पावन करने वाला तथा जीवन को दिव्य दिशा प्रदान करने वाला होगा। श्री विशुद्धानन्द अस्पताल के प्रधान सचिव सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल ने बताया हॉस्पिटल की स्थापना हमारे समाज के जागरूक एवं परमार्थ-निष्ठ पूर्वजों ने वर्ष 1915 में की थी, आज भी 110 वर्षों की निष्काम सेवा-यात्रा को अपने कर्मपथ पर अग्रसर रखते हुए, मानव सेवा का दीप प्रज्वलित किए हुए है। परोपकार की सद्भावना से सदैव समाज के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता व सहयोग भावना के प्रतीक रहे धर्मानुरागी, समाजसेवियों का श्री विशुद्धानन्द अस्पताल को सहयोग सदा प्रेरणास्पद रहा है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने धर्म, अध्यात्म, संस्कृति के त्रिवेणी संगम में श्रद्धालु भक्तों से पुण्य अर्जित करने का निवेदन किया। श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती, समाजसेवी विश्वनाथ सेकसरिया, श्याम सुन्दर अग्रवाल, जगमोहन बागला, ओम जालान, डॉ. एस के शर्मा, प्रहलाद राय गोयनका, महावीर प्रसाद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विजय अग्रवाल एवम् कार्यकर्ता सक्रिय हैं।

## स्वदेशी पोतनिर्माण को नया आयाम: जीआरएसई ने एनपीओएल के लिए आधुनिक ध्वनिक पोत की कील रखी



**कोलकाता, समाज्ञा :** आत्मनिर्भर पोतनिर्माण को मजबूत करते हुए, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने नौसेना भौतिक एवं समुद्रविज्ञान प्रयोगशाला (एनपीओएल) के लिए उन्नत ध्वनिक अनुसंधान पोत (एआरएस) की कील रखी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. समीर वी. कामत, सचिव, रक्षा (अनुसंधान एवं विकास) विभाग एवं अध्यक्ष, डीआरडीओ उपस्थित थे। इस अवसर पर कमोडोर पी आर हरी, आईएन (सेवानिवृत्त), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, जीआरएसई; कमांडर शांतनु बोस, आईएन (सेवानिवृत्त), निदेशक (शिपबिल्डिंग), जीआरएसई; कैप्टन (आईएन) पी सुनील कुमार (सेवानिवृत्त), निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग एवं कार्मिक); निरंजन भालेराव, निदेशक (वित्त), जीआरएसई; डॉ. आर वी हारा प्रसाद, डी.एस. एवं डी.जी. (एनएस एंड एम), मुख्यालय डीआरडीओ; डॉ. डी. शेषागिरि, ओ.एस. एवं निदेशक (एनपीओएल) तथा जीआरएसई एवं एनपीओएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

93 मीटर लंबा और 18 मीटर चौड़ा यह पोत अत्याधुनिक अनुसंधान उपकरणों, डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम और डीजल-इलेक्ट्रिक प्रणोदन प्रणाली से लैस होगा। यह पोत 4 से 12 नॉट की गति से संचालित हो सकेगा और 120 कर्मियों के दल के साथ 4,500 नौटिकल मील तक मिशन पूरा कर सकेगा। पोत में ध्वनिक मॉड्यूल, मूरिंग, डेटा संग्रह, मौसम सर्वेक्षण और कम गहराई वाले जल में ध्वनिक प्रतिध्वनि अध्ययन की क्षमता होगी। जीआरएसई ने पहले भी 1994 में एनपीओएल के लिए आईएनएस सागरध्वनि का निर्माण किया था और अब इसे नए उन्नत तकनीकी मानकों के साथ तैयार कर रहा है। इस अवसर पर कमोडोर पीआर हरी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की और शिपयार्ड द्वारा स्वदेशी अनुसंधान पोतों और हरित ऊर्जा, स्वायत्त प्लेटफॉर्म जैसे नवाचारों में योगदान पर प्रकाश डाला। जीआरएसई वर्तमान में भारत में अनुसंधान पोत निर्माण का एकमात्र शिपयार्ड है।

# हावड़ा में खुलने वाला है 400 फुट ऊंचा रोटेटिंग रेस्टोरेंट, नजारों और खाने का मजा एक साथ

❑ **2026 तक आम जनता के लिए खोली जाएगी**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में जल्द ही एक ऐसा मनोरंजन स्थल खुलने वाला है, जो देखने में ही रोमांचक है। लगभग 400 फुट ऊंचा पंचदीप टावर बनकर तैयार हो रहा है, जिसमें घूमने वाला रेस्टोरेंट, कम्युनिटी हॉल, गेस्ट रूम और मनोरंजन पार्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह भारत का पहला ऐसा टावर होगा, जहां रेस्टोरेंट अपने आप घूमते हुए शहर के मनोरम दृश्यों का आनंद प्रदान करेगा। टावर में टेलिस्कोप की मदद से 20 किलोमीटर दूर तक के दृश्य देखे जा सकेंगे। डेढ़ सौ लोगों की क्षमता वाला कम्युनिटी हॉल छोटे और मध्यम कार्यक्रमों के आयोजन के लिए तैयार किया जा रहा है। साथ ही छह कमरों वाला गेस्ट रूम भी बनाया जा रहा है। टावर के आसपास पार्क में छोटे-बड़े सभी के लिए आधुनिक राइड्स और मनोरंजन की सुविधाओं का निर्माण चल रहा है।

रोटेटिंग रेस्टोरेंट लगभग हर घंटे 360 डिग्री घूमेगा, जिससे आगंतुक भोजन करते समय द्वितीय हुगली सेतु, हावड़ा ब्रिज और शहर के अन्य प्रमुख स्थलों का मनोरम दृश्य देख सकेंगे। टावर हावड़ा के रिंग रोड पर स्थित है, टिकयापाड़ा रेलवे स्टेशन से मात्र 100 मीटर और हावड़ा स्टेशन व हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन से लगभग 3 किमी दूर है। आगंतुकों की सुविधा के लिए टावर में दो उच्च गुणवत्ता वाली लिफ्टें लगाई जा रही हैं, जो महज 2 मिनट में शीर्ष स्तर तक पहुंचाएंगी। पार्क और टावर की सौंदर्य और संरचना पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रवेश शुल्क सामान्य दिनों में 100 रुपये और छुट्टियों में 150-200 रुपये तय किया गया है।

हरीश जायसवाल ने बताया कि यह परियोजना हावड़ा ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हावड़ा में पहली बार ऐसा टावर बन रहा है, जो अपनी ऊंचाई और रोटेटिंग रेस्टोरेंट की वजह से न केवल स्थानीय लोगों बल्कि देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा।





पंचदीप कंस्ट्रक्शन के प्रमुख **राम रतन चौधरी** ने कहा, हम चाहते हैं कि यह टावर न केवल हावड़ा बल्कि पूरे भारत और दक्षिण एशिया के लिए आकर्षण का केंद्र बने। आने वाले महीनों में इसे आम जनता के लिए खोला जाएगा। हमने इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की योजना भी बनाई है। टावर में दो आधुनिक लिफ्टें हैं, जो महज 2 मिनट में शीर्ष स्तर तक आगंतुकों को पहुंचाती हैं। इस परियोजना में सभी आवश्यक सरकारी अनुमतियां ली गई हैं और निर्माण में लगभग 7 साल लगे हैं। 2026 तक इसे आम जनता के लिए चालू करने की योजना है। हावड़ा के लिए यह परियोजना पर्यटन और मनोरंजन के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होने वाली है।



# तृणमूल विधायक कंचन मल्लिक के खिलाफ नवग्राम में लगे पोस्टर

**हुगली, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए तृणमूल कांग्रेस के सभी नेता-कार्यकर्ता विजया सम्मिलनी मंच से राजनीतिक संदेश दे रहे हैं और पार्टी के अंदर सामंजस्य बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। लेकिन, इसी माहौल में उत्तरपाड़ा के विधायक कंचन मल्लिक के खिलाफ उत्तरपाड़ा विधानसभा के कोन्नगर नवग्राम इलाके में कई जगहों पर पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें लिखा है, 'रास्ते खत्म हो रहे हैं, विधायक का पता नहीं है' और 'विधायक तुम कहां हो, कब सुनोगे लोगों की पीड़ा'। इन पोस्टरों के नीचे भाजपा का नाम लिया गया है। हालांकि, श्रीरामपुर सांगठनिक जिला भाजपा अध्यक्ष सुमन घोष ने इन पोस्टरों की जानकारी होने से इनकार किया है। उत्तरपाड़ा के कद्दावर भाजपा नेता और श्रीरामपुर सांगठनिक जिला भाजपा कमेटी के सदस्य पंकज राय ने कहा कि चुनाव के बाद से विधायक क्षेत्र में दिखाई नहीं देते, जिससे लोग अपनी समस्याओं के लिए किससे संपर्क करें, यह सवाल उठता है। इलाके की एक समस्या को लेकर उन्होंने स्वयं विधायक को एक ज्ञापन सौंपा था। आश्वासन के बावजूद विधायक ने उस मामले में कुछ भी नहीं किया। दूसरी तरफ, विधायक कंचन मल्लिक ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि लोग 'चश्मा पहन लें, मैं आता हूं, लेकिन अगर देख नहीं पाते तो मेरी क्या गलती है'। उन्होंने बताया कि नवग्राम में जो सड़क और विकास कार्य हो रहे हैं, वे विधायक निधि और पथश्री परियोजना के तहत किए जा रहे हैं। तृणमूल नेता पिनाकी बनर्जी ने कहा कि विधायक की निधि से नवग्राम की सड़कें बनी हैं और भाजपा सिर्फ चुनाव के समय ही शिकायतें लेकर सामने आती है।



### प्रताप एक्सप्रेस में अतिरिक्त एसी 3-टीयर और स्लीपर क्लास कोच जोड़ा जाएगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने लोकप्रिय प्रताप एक्सप्रेस में अस्थायी रूप से अतिरिक्त एक एसी 3-टीयर कोच और एक स्लीपर क्लास कोच जोड़ने का निर्णय लिया है। यह पहल यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने और भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से की जा रही है। नए कोच 12495/12496 बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर प्रताप एक्सप्रेस में जोड़े जाएंगे। यह ट्रेन बीकानेर से 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक और कोलकाता से 17 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। इस अवधि में ट्रेन कुल 22 कोचों के साथ परिचालित होगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त कोचों के जुड़ने से यात्रियों को सीट उपलब्धता बढ़ेगी और यात्रा अधिक आरामदायक होगी।

# कोलकाता में मनाया गया विश्व मानक दिवस 2025, सतत विकास में मानकों की भूमिका पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को जेडब्ल्यू मैरियट होटल, कोलकाता में विश्व मानक दिवस 2025 का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय था, एक बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण: सतत विकास के लिए मानक, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी 17) में मानकों की भूमिका को उजागर करता है। विश्व मानक दिवस हर वर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता, सुरक्षा और सतत विकास में मानकों के महत्व को रेखांकित करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन बिप्लब मित्रा, प्रभारी मंत्री, उपभोक्ता मामले एवं निष्पक्ष व्यावसायिक व्यवहार विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार ने किया। उद्घाटन भाषण में उन्होंने बीआईएस और राज्य सरकार के सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों में मानकों के कार्यान्वयन की भूमिका पर जोर दिया। स्वागत भाषण में अनुज स्वरूप भटनागर, उप महानिदेशक (पूर्व), बीआईएस ने मानकीकरण और गुणवत्ता संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डाला।



मुख्य अतिथि के रूप में रुमेला दे, विशेष सचिव, उपभोक्ता मामले विभाग और कंचन चौधरी, विशेष सचिव, परिवहन विभाग उपस्थित थे। प्रो. वी.एम.एस.आर. मूर्ति, निदेशक, आईआईईएसटी शिवपुर ने शिक्षा और अनुसंधान के माध्यम से मानकीकरण और नवाचार पर बल दिया।

उद्घाटन के बाद तकनीकी सत्र आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रो. अशोक अदक, एसोसिएट डीन, आईआईईएसटी शिबपुर ने की। सत्र में सतत विकास लक्ष्यों में साझेदारी, नवाचार और मानकों की भूमिका पर चर्चा हुई। डॉ. समीरन पांडा ने स्वास्थ्य और कल्याण में सफल साझेदारियों के उदाहरण साझा किए, जबकि प्रो. तन्मय पाल ने मेकाट्रॉनिक्स और रोबोटिक्स तकनीक के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उद्योग, सरकारी विभागों और शैक्षणिक संस्थानों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, साथ ही 500 से अधिक छात्रों के लिए 'मानक कार्निवल' भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में गुणवत्ता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना था।

# हावड़ा स्टेशन के पास महिला से चेन छिनताई, आरोपित फरार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के पास बुधवार को एक महिला के साथ छिनताई की घटना घटी। आरोप है कि महिला के गले से एक तोले की सोने की चेन झपटकर एक शख्स भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, इस दिन, शाम को बृंदाबन घोष अपनी पत्नी मिठू घोष के साथ कोलकाता से हावड़ा के बड़गछिया स्थित अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में वे हावड़ा स्टेशन के 12 नंबर सबवे के पास पान खरीदने रुके। उसी वक्त अचानक उनकी पत्नी के गले से एक अज्ञात युवक सोने की चेन झपटकर फरार हो गया। घटना इतनी अचानक हुई कि दंपत्ति कुछ पल के लिए स्तब्ध रह गए। होश संभलते ही बृंदाबन घोष ने भागते हुए आरोपित का पीछा किया, स्थानीय लोग भी उनके साथ दौड़े, लेकिन आरोपित भीड़ में गायब हो गया। घटना के बाद, दंपति ने गोलाबाड़ी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# दक्षिण पूर्व रेलवे में जोनल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति की 105वीं बैठक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे की जोनल रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति (जेडआरयूसीसी) की 105वीं बैठक बुधवार कोलकाता में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने की। बैठक में कई सांसदों एवं सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें प्रताप चंद्र सारंगी, ज्योतिर्मय सिंह महतो, विद्युत वरण महतो, खीरो महतो, कालिपद सोरेन खेरवाल और श्यामल मंडल (विधायक) सहित कुल 25 सदस्य उपस्थित थे।

बैठक के दौरान महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने दक्षिण पूर्व रेलवे की हाल की उपलब्धियों और विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं में सुधार, निर्माण कार्यों की प्रगति, सुरक्षा उपायों के उन्नयन, माल लदान में वृद्धि और अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन पुनर्विकास जैसे महत्वपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला। माननीय सदस्यों ने दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा उठाए गए विकासात्मक कदमों की सराहना की और आगे सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इन सुझावों में ट्रेन सेवाओं की समयबद्धता सुनिश्चित करना, ट्रेनों के मार्ग विस्तार, अतिरिक्त ठहराव, ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाना, नए हॉल्ट स्टेशन का निर्माण तथा यात्रियों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, शौचालय, प्लेटफॉर्म शेड और रैंप जैसी सुविधाओं के विस्तार की मांग शामिल थी।



अपने संबोधन में अनिल कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों और मांगों को गंभीरता से विचाराधीन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए माननीय सदस्यों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। बैठक में सुमित्र मजूमदार, अतिरिक्त महाप्रबंधक, तथा दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। यह बैठक रेलवे और जनता के बीच संवाद एवं सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

# खिदिरपुर में माल लदे वाहन ने ली युवक की जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** वाटगंज थाना अंतर्गत खिदिरपुर में माल से लदे एक वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। लालबाजार पुलिस मुख्यालय के अनुसार, उक्त घटना मंगलवार की देर रात करीब 12.50 में घटी। बताया गया है कि 143 कार्ल मार्क्स सारणी खिदिरपुर क्रॉसिंग के पास माल से लदा बड़ा वाहन को नियंत्रण खो गया और वाहन एक खाली खड़ी ऑटो को टक्कर मारकर फुटपाथ पर जा गिरा। इसी दौरान वाहन ने एक बाइक को भी टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार मो. सोनू (28) को एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के कारण इलाके में कुछ देर के लिए यातायात जाम हो गया। मृत युवक जोड़ासांको के इस्माइल मदन लेन का निवासी बताया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना के दौरान ऑटो रिक्शा चालक ने भाग कर किसी से अपनी जान बचाई। उक्त घटना के बाद देर रात ही बीच सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और रात को ही ट्रैफिक व्यवस्था भी समसामयिक तौर पर चरमरा गई।




### खेलते समय कार्बोलिक एसिड गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के श्यामपुर थाना क्षेत्र के शशाटी गांव में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसे में पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, खेलते समय बच्चे के शरीर पर कार्बोलिक एसिड गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। मृत बच्चे का नाम चयन बेरा है, जो सुन या बोल नहीं सकता था। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, चयन घर के बरामदे में खेल रहा था। पास में ऊंचाई पर रखी कार्बोलिक एसिड की बोतल किसी कारण से गिर गई और एसिड उसके शरीर पर जा गिरा। तेज जलन से वह कराहता रह गया और कुछ ही मिनटों में उसका शरीर पूरी तरह झुलस गया। बच्चे को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

# अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी पर विवादास्पद और भद्दी टिप्पणी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट थाना इलाके में बंगाली अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी के बारे में सोशल मीडिया पर विवादास्पद और भद्दी टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम सुमन मंडल है। वह बशीरहाट थाना क्षेत्र का निवासी है। दरअसल, बशीरहाट के भावला स्थित सर आर.एन. मुखर्जी हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले विजया सम्मेलन में टॉलीवुड अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी के मौजूद रहने की उम्मीद है। इस खबर के सामने आने के बाद आरोप है कि आरोपी सुमन मंडल ने अपने निजी फेसबुक अकाउंट पर अभिनेत्री के बारे में कई भद्दी टिप्पणियां की। घटना के बाद श्राबंती के प्रशंसकों और स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं में गुस्सा भड़क उठा। बशीरहाट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और रात में आरोपी सुमन मंडल को बशीरहाट थाना क्षेत्र स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति को बशीरहाट उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।



# संतोषपुर स्टेशन के पास व्यक्ति पर जानलेवा हमला, हमलावर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्रनगर थाना अंतर्गत संतोषपुर स्टेशन से सटे इलाके में दिनदहाड़े एक युवक ने एक व्यक्ति की गर्दन में चाकू से हमला कर फरार होने की कोशिश की। लेकिन, स्थानीय लोगों ने उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। शेख नूरुद्दीन को गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, नूरुद्दीन रेलवे लाइन के किनारे बैठकर नशा कर रहा था। उसके साथ एक और व्यक्ति भी था। तभी, अचानक अज्ञात व्यक्ति ने वहां हमला कर दिया। उसने पीछे से उसकी गर्दन में चाकू घोंप दिया। नूरुद्दीन तुरंत जमीन पर गिर गया। स्थानीय निवासियों ने उसे बचाया और अस्पताल ले गए।



भागते समय अज्ञात हमलावर को आखिरकार स्थानीय निवासियों ने पकड़ लिया। बाद में, जब पुलिस पहुंची तो उन्होंने उसे सौंप दिया। पुलिस घायल के साथ उसके संबंधों की जांच कर रही है। पुलिस यह जान रही है कि क्या उसका कोई पूर्व परिचित था। इलाके के निवासियों से भी पूछताछ की जा रही है। घायलों से भी बात की जा रही है।

# सियालदह डिवीजन में अमृत संवाद कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन द्वारा स्पेशल कैंपेन 5.0 के तहत बुधवार को सियालदह स्टेशन परिसर में अमृत संवाद नामक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने, जन-जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में सियालदह डिवीजन के डीआरएम राजीव सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ डिवीजन के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। अपने संबोधन में श्री सक्सेना ने यात्रियों और आम नागरिकों से रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों को स्वच्छ रखने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने यात्रियों के साथ एक संवादात्मक सत्र भी किया, जिसमें उन्होंने उनकी राय और सुझाव सुने तथा उन्हें स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री सक्सेना ने शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन परिसर में एक नुक्कड़ नाटक (स्ट्रीट प्ले) भी प्रस्तुत किया गया, जिसने यात्रियों और आगंतुकों के बीच स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से फैलाया। सियालदह डिवीजन का यह प्रयास न केवल स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि रेलवे यात्रियों को स्वच्छ और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है।



# आरामबाग में अनिश्चितकाल के लिए बसों का परिचालन बंद

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के आरामबाग महकमा इलाके में बुधवार से सभी बसों का परिचालन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। बस संघों ने संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया है। उनका कहना है कि रामकृष्ण सेतु के बंद होने के कारण बस संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिससे बस चलाना संभव नहीं है। इस दिन, सुबह से ही आरामबाग के विभिन्न इलाकों में यात्रियों की लंबी कतारें देखी गईं। बस मालिक और चालकों ने कहा कि उन्होंने पहले ही यात्रियों से सहयोग की अपील की थी। करीब दो महीने बीतने के बाद भी सेतु की मरम्मत नहीं हुई है, जिसके कारण यात्री बस और भारी वाहनों के लिए निर्धारित मार्गों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बस चालक बताते हैं कि अब उन्हें लगभग 40 किमी का लंबा घुमावदार रास्ता अपनाना पड़ रहा है, इसी तरह लंबी दूरी की बसों को भी मुश्किल हो रही है। घुमावदार मार्ग अपनाने के कारण यात्रियों के खर्च भी दोगुना हो गए हैं। पूरे इलाके में संपर्क व्यवस्था प्रभावित हुई है और आरामबाग शहर के व्यापारियों की आमदनी पर भी असर पड़ा है। शहर और महकमे में फिलहाल कोई भी यात्री बस सेवा उपलब्ध नहीं है। बसें पेट्रोल पंप और सड़कों किनारे लाइन में खड़ी दिखाई दे रही हैं। बस मालिक संगठन का कहना है कि जैसे ही रामकृष्ण सेतु में हाइट बार खोला जाएगा, सभी रूट की बसें परिचालित होंगी। उनका यह भी कहना है कि बाहरी जिलों से कोई बस नहीं आएगी और 10 टन से अधिक भार वाले वाहन नहीं चलेंगे, जबकि बसों का वजन यात्रियों सहित 10 टन से कम है। बस मालिक इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि अनुमति दी जाए ताकि यात्रियों की सेवा फिर से शुरू हो सके।

# सियालदह डिवीजन ने भीड़ नियंत्रण और प्लेटफॉर्म सुरक्षा के लिए नई व्यवस्थाएं लागू की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन ने यात्रियों की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए विधाननगर रोड और दमदम जंक्शन स्टेशनों पर व्यापक नई व्यवस्थाओं को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह जानकारी सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने बुधवार को प्रेस वार्ता में दी। नई व्यवस्थाओं का मुख्य उद्देश्य प्लेटफॉर्म का व्यवस्थित विभाजन और कड़ी निगरानी के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित करना और यात्रियों के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करना है। विधाननगर रोड स्टेशन पर औसतन 1.7 लाख यात्री प्रतिदिन आते हैं, जिससे प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर भारी भीड़ रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म आवंटन योजना लागू की जाएगी। प्लेटफॉर्म 1 केवल मुख्य लाइन की अप लोकल ट्रेनों के लिए समर्पित होगा, जबकि प्लेटफॉर्म 2 सभी मेल, एक्सप्रेस और उप लोकल ट्रेनों के लिए उपयोग किया जाएगा। भीड़ कम करने के लिए आठ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज हटाने का निर्णय लिया गया है। प्लेटफॉर्म 2 को वेंडर-फ्री क्षेत्र घोषित किया गया है और यात्रियों को समय पर मार्गदर्शन देने के लिए घोषणाएं बढ़ाई जाएंगी।




दमदम जंक्शन पर भीड़ नियंत्रण के लिए मुख्य लाइन और सर्कुलर लाइन ट्रैफिक का स्पष्ट विभाजन किया जाएगा। प्लेटफॉर्म 1 और 2 मुख्य लाइन ट्रेनों के लिए और प्लेटफॉर्म 3, 4, 5 सर्कुलर एवं कोलकाता टर्मिनल लाइनों के लिए निर्धारित किए गए हैं। स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार पर नया बुकिंग ऑफिस भी चालू किया गया है। पूर्व रेलवे ने बताया कि इन नई व्यवस्थाओं को आवश्यक परीक्षण अवधि के बाद स्थायी रूप से लागू किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए डिवीजन शीघ्र पूर्ण लागू होने की तारीख की घोषणा करेगा। इस योजना के लागू होने से दोनों स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ प्रबंधन, प्लेटफॉर्म सुरक्षा और यात्रा अनुभव में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

### मेट्रो रेलवे ने पारदर्शिता और भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था के लिए वेंडर्स मीट का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे में पारदर्शिता बढ़ाने और भ्रष्टाचार-मुक्त व्यावसायिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को मेट्रो रेल भवन में एक वेंडर्स मीट का आयोजन किया गया। इस बैठक का आयोजन मेट्रो रेलवे के सतर्कता (विजिलेंस) और स्टोर्स विभागों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेट्रो रेलवे के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक संतोष कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे संवादात्मक कार्यक्रम न केवल मेट्रो रेलवे और आपूर्तिकर्ताओं (वेंडर्स) के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करेंगे, बल्कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के विकास को भी प्रोत्साहन देंगे। इस वेंडर्स मीट में लगभग 27 फर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा, मेट्रो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और एमएसएमई संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रेलवे की व्यावसायिक प्रक्रियाओं में अधिक पारदर्शिता, सुचारू संचालन और भ्रष्टाचार-निरोधक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजन रेलवे और उसके व्यावसायिक साझेदारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे तथा रेलवे के कार्य-प्रणाली में ईमानदारी और दक्षता को और सुदृढ़ बनाएंगे।



# करते रहें आंखों की देखभाल नियम से

राजेन्द्र चतुर्वेदी

यूं तो मानव शरीर के सभी अंग बहुत ही महत्वपूर्ण हैं अतः किसी को कम या ज्यादा उपयोगी नहीं माना जा सकता हैं लेकिन इसके बावजूद भी आंखों की अहमियत कुछ ज्यादा ही होती है। कहा भी गया है कि आंखों के बिना मानव शरीर की कोई अहमियत नहीं है।

आंखों में ज्योति अर्थात देखने की क्षमता न हो तो व्यक्ति कितना मजबूर, लाचार और बेबस होता है। किसी अंधे व्यक्ति का जीवन देखकर इसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है और कामना की जा सकती है कि ऐसी मजबूरी किसी और व्यक्ति के जीवन में न आये।

आंखों के महत्व को जानते-समझते हुए भी अधिकांश व्यक्ति उनके प्रति लापरवाह होते हैं। ऐसे लोग आंखों के प्रति तब तक लापरवाह रहते हैं, जब तक उन्हें उन से संबंधित कोई रोग न हो जाये। आंखों की इस तरह उपेक्षा करना विपत्ति को आमंत्रित करने के समान है।

हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी आंखों की सावधानीपूर्वक देखभाल करते रहें जिससे वे जिंदगी भर हमारा साथ दे सकें। हमारे बाद अगर वे किसी दूसरे व्यक्ति के काम आ सकें, किसी अंधेरे जीवन को रोशनी से भर सकें तो यह हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

कुछ ऐसे उपाय हैं जिनका पालन करने से नेत्र ज्योति बनाए रखी जा सकती है।

- सुबह सोकर उठने के बाद और रात्रि में सोने से पहले आंखों को अच्छी तरह साफ पानी से धो लेना चाहिए।



- रात्रि में सोने से पहले आंखों में दो-दो बूंद गुलाब जल अवश्य डालना चाहिए। इससे आंखों को ठंडक मिलती है, नींद अच्छी आती है और आंखों की भली प्रकार सफाई भी हो जाती है।
- आंखों को बार-बार हाथों से नहीं मलना चाहिए। अगर बहुत जरूरी हो तो इससे पहले हाथों को ठीक से साफ कर लेना चाहिए। वैसे पीले या हरे रंग का साफ रूमाल सर्वोत्तम रहता है।
- हरियाली को अपलक निहारना भी नेत्र ज्योति के लिए लाभदायक होता है क्योंकि हरियाली आंखों को शीतलता प्रदान करती है।
- आंखों को तेज धूप, धुंआ और धूल से बचाना चाहिए क्योंकि ये तीनों आंखों के शत्रु नम्बर एक हैं।
- न तो बहुत कम रोशनी में पढ़ना, लिखना चाहिए, न ही बहुत तेज में। लेटकर पढ़ना तो बहुत ही हानिकारक होता है।
- टी वी देखते समय और कम्प्यूटर पर काम करते समय रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए जिससे टी. वी. या कम्प्यूटर की हानिकारक किरणें आंखों पर दुष्प्रभाव नहीं डाल पाती।
- पैरों के तलुओं की नसों का आंखों से सीधा संबंध होता है, इसलिए हमें नंगे पैर नहीं चलना चाहिए। इससे नेत्रा ज्योति पर दुष्प्रभाव पड़ता है।
- दिन में तीन चार बार पैर धोना चाहिए तथा पैरों को अधिक से अधिक देर तक ठंडा रखना चाहिए। दिन में सात-आठ घंटे तक लगातार जूते-मोजे पहने रहने की आदत अच्छी आदत है।
- माथे और सिर का संबंध भी आंखों से सीधा होता है, अतः इन दोनों चीजों को ठंडा रखने की कोशिश भी करते रहना चाहिए। रात्रि में सोते समय माथे पर चंदन का लेप और तेज धूप में सिर को सफेद तौलिया से बांध कर रखने की आदत लाभदायक होती है।
- सिर के बालों में चमेली या आंवले का तेल डालकर हल्की हल्की मालिश करना और प्रातः काल ओस पड़ी घास पर नंगे पैर टहलना भी लाभदायक है।
- आंखों के लिए विटामिन ए बहुत जरूरी है, अतः अपने आहार में विटामिन ए से भरपूर चीजें प्रतिदिन लेनी चाहिए।
- आंखों के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं होती, अतः थोड़ी सी परेशानी होते ही नेत्र चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। (स्वा.द.)

# सेहत की खबरें

अशोक गुप्त

## जल्दी सोने वाले बच्चे बेहतर होते हैं

जो स्कूल जाने वाले बच्चे रात 9 बजे तक सो जाते हैं वे न केवल परीक्षा में बल्कि खेल के मैदान में भी बेहतर परिणाम दिखाते हैं। अमेरिकन साइकोसोमेटिक सोसायटी द्वारा किए गए एक शोध के अनुसार 138 बच्चों का अध्ययन किया गया और पाया गया कि जो बच्चे 9 बजे के बाद जागते थे, वे अधिक तनावग्रस्त रहते थे और उनके परिणाम अच्छे नहीं थे, इसलिए अपने बच्चों को रात नौ बजे तक सोने की आदत डाल दें तो उनके लिए बेहतर होगा।

## अल्ज़ीमर्स डिजीज

सेन फ्रांसिस्को वेटर्नज़ अफेअर्स मेडिकल सेन्टर' के शेधकर्ताओं ने पाया है कि कोलेस्ट्रोल कम करने वाली दवाइयों का एक लाभ यह भी पाया गया कि इससे अल्ज़ीमर्स रोग को दूर रखने में सहायता मिलती है। जिन लोगों ने इन दवाइयों का प्रयोग किया, उनमें दिमागी क्षरण कम पाया गया।

## मूड सुधारता है एरोबिक व्यायाम

ब्रिटेन में हुए एक शोध में पाया गया है कि एक घंटा एरोबिक व्यायाम करने से मनुष्य में तनाव, गुस्सा और थकान दूर होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन लाभों का आरंभ व्यायाम का सत्रा पूरा होते ही हो जाता है क्योंकि इससे मन में एक उपलब्धि की भावना जगती है। लगातार व्यायाम करने से अवसाद के पुराने रोगी भी ठीक हो सकते हैं।

## अपना गुस्सा न दबायें

यदि आपको किसी बात पर गुस्सा आता है तो उस को न दबाएं नहीं तो आपको और भी अधिक गुस्सा आएगा। ब्रिटेन में हुए एक शोध में देखा गया कि महिलाओं में गुस्सा दबाने पर बाद में और अधिक गुस्सा आना प्रारंभ हो गया, इसलिए गुस्सा आए तो दबाइये मत, पर हां, गुस्से में पागल मत हो जाइये।

## हरी चाय राहत दिलाती है गठिया के दर्द में

हरी चाय के नित नए लाभ सामने आ रहे हैं। अब तक इसे कैंसर और हृदय रोग दूर रखने में लाभप्रद माना जाता रहा है। अब यह पाया गया है कि हरी चाय से गठिया के दर्द में भी राहत मिलती है क्योंकि यह शरीर में सूजन होने से रोकती है। यह भी पाया गया है कि अधिक हरी चाय पीने से अधिक लाभ होगा।

## तनाव से दूर ही रहना बेहतर है

थोड़े समय रहा तनाव भी हमारे मस्तिष्क के ऊतकों को इतनी हानि पहुंचा सकता है कि वे कई सप्ताह तक सेंसिटिव हो जाते हैं। प्रायः हम सभी ने पाया है कि तनाव का झटका लगने से हम बहुत जल्दी नर्वस हो जाते हैं। इस प्रकार प्रकृति हमें बड़े झटकों से बचाने का प्रयास करती है पर कई लोगों में यह कुछ अधिक ही हो जाता है और वे लगातार तनाव और चिंता से घिर जाते हैं जिससे उनकी दिमागी कार्यक्षमता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है इसलिए तनाव से दूर ही रहें तो बेहतर है।

## अब आपके दांत देंगे आपका साथ अधिक समय तक

अब आपके दांत अधिक देर तक आपका साथ दे पायेंगे क्योंकि इन्डियाना यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री, इन्डियानापोलिस के विशेषज्ञों ने एक ऐसे कैमरे का आविष्कार कया है जो दांत की सतह से फास्फेट और कैल्शियम ह्रास का उनके एक्सरे में दिखाई देने से दो तीन वर्ष पूर्व ही पता लगा लेगा जिसे फ्लोराइड के प्रयोग से ठीक किया जा सकेगा और आपके दांत अधिक समय तक आपका साथ देंगे।

## ये आदतें देती हैं लंबी आयु

लोमालिन्डा यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एक अध्ययन किया है जिसके अनुसार निम्न आदतें आपको दीर्घ आयु प्रदान करने में सहायक हो सकती हैं। केवल शाकाहारी भोजन करने वाले व्यक्ति अपनी आयु में 2.4 वर्ष की वृद्धि पाते हैं। सप्ताह में तीन बार व्यायाम करने से 2.1 वर्ष की वृद्धि होती है। वज़न न बढ़ने देने वाले लोग अपनी आयु में 1.5 वर्ष की वृद्धि करते हैं। सप्ताह में पांच बार नट्स खाने से 2.9 वर्ष की वृद्धि होती है। कभी धूम्रपान न करने वालों की आयु 1.3 वर्ष अधिक होती है। अध्ययन में मांस खाना छोड़ने को नहीं कहा गया है। मांस के साथ यदि फल सब्जियां, अनाज व दालें खाते रहा जाए तो उसका दुष्प्रभाव बराबर हो जाता है।

## व्यायाम से दूर होती है चिंता

चिन्ताएं हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और ये शरीर पर विभिन्न प्रकार के दुष्प्रभाव डालती हैं। जिन लोगों के हृदय पर चिंता का अधिक प्रभाव पड़ता है, उन्हें समय के साथ उच्च रक्तचाप और हृदय रोग हो सकते हैं।

ड्यूक यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने व्यायाम का प्रभाव देखने के लिए कुछ ऐसे व्यक्तियों को चुना जो व्यायाम नहीं करते थे और जिनका शरीर मोटा था। उन्हें तीन समूहों में बांटकर उनका अध्ययन किया गया और पाया गया कि जिस समूह को नियमित व्यायाम करवाया गया था, उनके रक्तचाप में तनाव की स्थिति में भी कमी आई और जिन्हें व्यायाम और भोजन कंट्रोल करवाया गया था, उनके रक्तचाप में अधिक कमी आई। इसलिए नियमित व्यायाम कीजिए और अपने को रक्तचाप और हृदय रोगों से बचाइये। (स्वा. द.)

# जुकाम के लिए कुछ कारगर घरेलू उपचार



नीतू गुप्ता

जुकाम देखने में तो एक आम रोग है पर जुकाम शरीर को हिला कर रख देता है। जिन दिनों जुकाम होता है, शरीर दिन भर टूटता रहता है और बुखार सा महसूस होता रहता है और छींक आने पर तो सिर को हिला कर रख देता है। वैज्ञानिकों के अनुसार सामान्यतः व्यक्ति वर्ष में दो बार जुकाम से पीड़ित होता है और जुकाम के दिनों में जब छींक आती है तो उसकी रफ्तार बहुत अधिक होती है।

बार-बार जुकाम होना एक बीमारी है। इसका इलाज समय रहते करवा लेना ही हितकर होता है। अभी तक इसका कोई स्थाई इलाज वैज्ञानिक ढूंढ नहीं पाए हैं, फिर भी दवा और घरेलू उपाय अपनाकर इस पर काबू पाया जा सकता है।

आइए देखें जुकाम होने की स्थिति में कितने कारगर हैं ये घरेलू उपचार:-

- जुकाम के दिनों में पानी ठंडा न पीकर ताजा पिएं। सर्दी के दिनों में गुनगुना पानी फायदेमंद होता है। ताजे फलों का रस भी जुकाम के दिनों में लाभ पहुंचाता है।
- टमाटर, अंकुरित दालें, पत्ता गोभी, नींबू और कच्ची सब्जियों के सलाद का सेवन नियमित करने से इसमें लाभ पहुंचता है।
- जुकाम के रोगी को चाय अदरक और थोड़ा नमक वाली देनी चाहिए ताकि गर्म चाय गले को आराम दे सके।
- जुकाम वाले व्यक्ति को पानी खूब पीना चाहिए और सर्दियों में धूप का सेवन भी लाभ पहुंचाता है।
- विटामिन सी जुकाम में लाभप्रद होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति को प्रतिदिन 500 मिलीग्राम विटामिन सी दवा के रूप में लेनी चाहिए। जुकाम के दिनों में धूम्रपान और शराब का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके सेवन से शरीर में विटामिन सी कम होता है। विटामिन सी के सेवन से शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है।
- जुकाम के कारण गला खराब होने पर गुनगुने पानी में नमक मिलाकर दिन में तीन बार गरारे करने से लाभ होता है, गले की खराश भी कम होती है और दर्द भी कम होता है।
- जुकाम वाले रोगी को साफ सुथरे वस्त्र पहनने चाहिए और हवादार कमरे में बैठना और आराम करना चाहिए ताकि स्वच्छ वातावरण में संक्रमित रोगाणु अधिक समय तक जीवित न रह पायें।
- एक कटोरी पानी में तुलसी के तीन चार पत्ते, पांच सात काली मिर्च को अच्छी तरह उबाल कर गुनगुना रहने पर थोड़ा सा शहद मिला दिन में तीन चार बार थोड़ा-थोड़ा लेने से जुकाम में आराम मिलता है। शहद को पानी में उबलने न दें। पीते समय ताजा मिलाकर पियें। इस काढ़े के बाद पानी का सेवन जल्दी न करें।
- रात्रि में सोने से पहले दूध उबालते समय पांच सात बादाम और चार पांच काली मिर्च के दाने डालें। गर्म दूध में मिश्री मिलाकर सोने से पूर्व लेने पर जुकाम में आराम मिलता है।
- जुकाम वाले रोगी के लिए दही हानिकारक होता है अतः इसका सेवन उन दिनों में न करें।

### रोगी को ध्यान देने योग्य बातें:-

- रोगी को एक दो दिन पूरा आराम लेना चाहिए।
- रोगी को अपनी नाक इधर उधर नहीं छिड़कनी चाहिए, न ही बलगम इधर उधर फेंकना चाहिए।
- रोगी को अपना रूमाल और बिस्तर दूसरे के साथ बरतना (शेयर) नहीं चाहिए।
- जुकाम वाले रोगी को नाक पर रूमाल रखना चाहिए ताकि हवा से बार-बार छींके न आयें।
- जुकाम होने पर स्वस्थ मनुष्य से हाथ न मिलाएं, न ही छोटे बच्चों को प्यार करें।
- गले, कान में अधिक दर्द होने पर तुरन्त डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। (स्वा. द.)

# तनाव को रोग न बनाइये

उषा जैन 'शीरीं'

तनाव अपने साथ एक नहीं, अनेक मुसीबतों का अंबार लिये आता है। यही किसी को कुंठा तो किसी को हाई ब्लड प्रेशर या दिल का रोग देकर चला जाता है।

तनाव के कारण एक बटन खो जाने से लेकर हवाई जहाज की उड़ान मिस होने तक कुछ भी हो सकता हैं। अब राम्या की बात ही लें। उनका बबलू जब तक स्कूल से वापस नहीं आता वे परेशानी से घिरी हर पल तनाव झेलती हैं।

निशा की पक्की सहेली आमला ने लेडीज क्लब के फंक्शन में उससे ठीक से बात न की तो यही उसके गहरे तनाव का कारण बन गया।

शिखा की बात ही निराली है। उसे जीवन का सिर्फ नकारात्मक पहलू ही दिखाई देता है। जाहिर है ऐसी औरतें सदा तनावग्रस्त ही रहेंगी।

तनाव का मुकाबला आप स्वयं कैसे करती हैं। रोते-झींकते दूसरों को बोर कर या आशंकाएं पाल उनसे डर कर या स्थितिप्रज्ञ होकर, यह जानने के लिये निम्न बातों पर गौर कर आत्म विश्लेषण कीजिए।



मान लीजिए आपके मकान मालिक ने आपको महीने भर का नोटिस देकर मकान खाली करने को कहा है। ऐसी स्थिति में आप जैसा भी मिले, जल्दबाजी कर घर बदल लेंगी, मकान मालिक से अनुरोध कर मियाद बढ़ा लेंगी, अपनी स्थिति पर तरस खाते हुए कुछ दिनों के लिये किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ रहने चली जायेंगी या हिम्मत हार कभी उच्च रक्तचाप या दिल की मरीज बन बिस्तर पकड़ लेंगी।

ऑफिस में पदोन्नति न होने पर रातों की नींद खो बैठेंगे। किसी दोस्त से आगे के लिये सलाह मशविरा करेंगे। निराशा से घिर जाएंगे या दूसरी नौकरी की तलाश करने लगेंगे।

आपके परिवार के किसी सदस्य के घर लौटने में देर हो जाती है। उतनी देर (जब आप उनकी प्रतीक्षा कर रही हैं) आप रेडियो टीवी के साथ समय गुजारेंगी, किसी मैगजीन व किताब से दिल बहलायेंगी या अपनी किसी अन्य हॉबी में व्यस्त होंगी, बिस्तर पर औंधी लेट जाएंगी या बार-बार टॉयलेट का दरवाजा खोलेंगी।

किसी परिचित के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुन उसे देखने चल पड़ेंगी, आंसू बहायेंगी या चुप्पी साध लेंगी।

आपकी घनिष्ठ सखी बेटी के ब्याह पर आपको निमंत्रण कार्ड देना भूल गई तो आप बात को भुला देंगी, फोन करके पूछेंगी, अपनी अन्य सहेलियों से इस बात को लेकर उसकी आलोचना करेंगी, यह बात दिल में रखकर अपने बेटे या बेटी के ब्याह में उसे निमंत्रण कार्ड न भिजवा कर बदला लेंगी।

आपका मन किन बातों में खुशी महसूस करता है? गपशप में, काम में, अपनों के साथ समय बिताने में, लोगों के दुखदर्द में जरूरत से ज्यादा रूचि लेने व सहानुभूति प्रकट करने में, अपनी सजधज, मेकअप इत्यादि में, खाना बनाने व खिलाने में, सैर तफरीह में।

क्या आप जिम्मेदारियों से बचना चाहते हैं? निर्णय लेना आपको भारी काम लगता है? चुनौतियों से घबराते हैं? आप लोगों से मिलना पसंद नहीं करते? सिर्फ अपने अहम को प्राथमिकता देते हैं?

अगर आप हर छोटी-मोटी बात से तनावग्रस्त हो जाते हैं तो निराशा मन में घर कर लेती है। इससे आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी स्थिति में हल ढूंढने के बजाय चिंतित होने से गुस्सा, खीझ लाचारी बढ़ती है जो केवल तनाव को ही जन्म देती है।

अगर आप तनावों से घिरने के बावजूद उनसे जल्दी उबर भी जाती हैं तो स्थिति इतनी बुरी नहीं है। आप इसकी आदी हो चुकी हैं।

ऐसे में आप परिस्थिति से डटकर मुकाबला करती हैं। आशावादी होने पर तनाव से शीघ्र छुटकारा पा जाती हैं। यह मानकर चलें कि विपरीत समय ही अंत नहीं है, न ही यह पूर्ण सत्य है। (स्वा. द.)

# स्वस्थ रहने हेतु

हर्षित बगाई

इस आधुनिक समय में हमारा रहन-सहन, खान-पान बिलकुल बदल गया है। हम ज्यादा समय ऑफिस में बिताने लगे है जिसके कारण हम अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। आज कल दिल की समस्याएं बहुत ही सामान्य हो गई हैं, लोग बाहर का खाना ज्यादा खाने लगे हैं, खासकर 'जंक फूड' जो दिल के लिए हानिकारक हो सकते हैं। आइये जाने कैसे इन बीमारियों से बच सकते हैं:-

श यदि आप अपने ऑफिस के लिए घर से खाना ले जाएं तो यह अच्छा तरीका है. इससे आपके पैसे तो बचेंगे ही बल्कि आप पौष्टिक आहार भी ले सकेंगे।

श खाने के बाद सैर करना एक अच्छा तरीका है अपने वजन को नियंत्रण में रखने का। आप ऑफिस जाने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे आपका स्टेमिना बढ़ेगा।


श अगर आपके ऑफिस के पास पार्क है तो आपको थोड़े वक्त के लिए सैर पर जरूर जाना चाहिए और प्रयास करें कि अपने सहकर्मी के साथ जाएं ताकि आप ज्यादा से ज्यादा सैर और स्वस्थ शरीर पा सकें।

श सबसे महत्त्वपूर्ण बात है कि आप काम करते वक्त न खाएं क्योंकि आप ज्यादा भी खा सकते है जो आपका वजन भी बढ़ा सकता है। आप समय से आहार लें व नियमित खाएं।

श प्रयास करें कि आप बस या मैट्रो का उपयोग करें और कोशिश करें. एक स्टैंण्ड पहले उतरें। इससे आप का धन तो बचेगा ही, साथ में आपकी सैर भी हो जाएगी।

श एक ही समय में अधिक भोजन का सेवन न करें। इससे शरीर सुस्त होता है। दिन में 4 से 5 बार थोड़ा-थोड़ा आहार लें ताकि शरीर को काम करने की एनर्जी मिलती रहे और शरीर चुस्त भी बना रहे।

श ज्यादा से ज्यादा चलें व रोज योग व व्यायाम करें. इससे आपके दिन की शुरूआत अच्छी होगी व आप तरो-ताजा रहेंगे । 'स्वस्थ खाएं-स्वस्थ रहें'। (स्वा. द.)



# विटामिन सी देता है आपको बहुत से फायदे

सोनी मल्होत्रा

आपके ब्रेकफास्ट की मेज पर पड़ा संतरे के रस का एक गिलास आपको क्या-क्या फायदे दे सकता है, शायद आपको इसका ज्ञान नहीं। यह आपके रक्त में कोलेस्ट्रोल के स्तर में कमी ला सकता है, कैंसर की संभावना को कम कर सकता है और आपकी आंखों की दृष्टि में सुधार ला सकता है। आपकी त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार व कई अन्य महत्त्वपूर्ण लाभ दे सकता है।

इस संतरे के रस में है विटामिन सी जो आपको इतने फायदे दे रहा है। विटामिन सी फलों, हरी सब्जियों, टमाटर, शिमला मिर्च, रसीले व खट्टे फलों में पाया जाता है। वैसे तो विशेषज्ञों के अनुसार विटामिन सी की प्रतिदिन 60 उहण् मात्रा का सेवन स्वास्थ्य के लिए अच्छा है पर जो लोग धूम्रपान करते हैं, अल्कोहल का सेवन करते हैं, कैफीन की अधिक मात्रा लेते हैं, उन्हें इसकी अधिक मात्रा की आवश्यकता होती है।

शोधों से यह भी सामने आया है कि जो व्यक्ति धूम्रपान करते हैं, उनके रक्त में विटामिन सी की मात्रा, धूम्रपान न करने वाले व्यक्तियों की तुलना में 25 प्रतिशत कम पाई गई। इसके अतिरिक्त तनाव, बुखार, इंफेक्शन, गर्भावस्था और वृद्धावस्था में इसकी आवश्यकता बढ़ जाती है।



### आइए जानते हैं इस विटामिन के फायदों को:-

विटामिन सी फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देता है व कई गंभीर रोगों की संभावना को कम करता है। फ्री रेडिकल्स से सुरक्षा देने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं एंटी ऑक्सीडेंट और इन्हीं एंटी ऑक्सीडेंट में एक है विटामिन सी।

विटामिन सी रक्त में कोलेस्ट्रोल के नियंत्राण में सहायक बनता है। रक्त में कोलेस्ट्रोल की मात्रा को कम करने का सबसे आसान तरीका है संतृप्त वसा का बिल्कुल सेवन न करना और फलों, सब्जियों व साबुत अनाज को अपनी डाइट में शामिल करना। इसके अतिरिक्त विटामिन सी भी कोलेस्ट्रोल के स्तर को कम करता है। एक शोध के अनुसार प्रतिदिन विटामिन सी की 500 उहण् की मात्रा वसा के स्तर को 13 प्रतिशत कम करता है।

वैसे तो जब आंखों के स्वास्थ्य की बात आती है तो विटामिन ए को आंखों के लिए अच्छा माना जाता है। पर विटामिन ए के साथ-साथ विटामिन सी भी आंखों के लिए फायदेमंद है। यह ग्लूकोमा पर नियंत्राण रखता है जो अंधेपन का एक कारण है।

विटामिन सी मस्तिष्क के कार्यकलाप में भी मदद करता है और हमारे मूड को भी प्रभावित करता है। मस्तिष्क में यह एक रसायन सेरोटोनिन की उत्पत्ति में सहायक बनता है। यह मस्तिष्क रसायन नींद आने और सकारात्मक भावनाएं उत्पन्न करने में योगदान देता है। विटामिन सी, विटामिन बी 6 के साथ मिलकर अमीनो एसिड फीनायलानाइन को नोरपिनफराइन में बदलने में सहायक बनता है जो मूड को प्रभावित करने वाला एक अन्य रसायन है।

विटामिन सी को स्टेऋस विटामिन भी कहा जाता है क्योंकि जब व्यक्ति परेशान व तनावग्रस्त होता है तो इसका प्रयोग जल्दी हो जाता है। विटामिन सी का मुख्य कार्य कोलाजन जो एक प्रकार का प्रोटीन है, के निर्माण व इसके सुचारू रूप से कार्य करने में सहायता करना भी है। कोलाजन त्वचा को सिकुड़ने से सुरक्षा देता है और हड्डियों व जोड़ों के निर्माण में भी सहायक है। यह फेफड़ों के सुचारू रूप से कार्य में भी मददगार है।

प्रदूषण से बचाव के लिए विटामिन सी की प्रतिदिन की 1000 उह. की मात्रा का सेवन आवश्यक है। जिन व्यक्तियों को पथरी की शिकायत है उन्हें इसका सेवन करने से पूर्व डॉक्टर की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

सिगरेट व कैफीन का प्रयोग शरीर से विटामिन सी की चोरी कर लेता है इसलिए कॉफी, कोला, चाय, सिगरेट आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि विटामिन सी की बहुत अधिक मात्रा से डायरिया की शिकायत हो जाती है इसलिए ऐसा होने पर फौरन विटामिन सी की मात्रा कम कर दें। (स्वा. द.)

# परेशान न हों पसीने की दुर्गन्ध से

नीतू गुप्ता



वैसे तो पसीने का शरीर से निकलना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है पर अधिक पसीना आना और उसमें दुर्गन्ध का होना मनुष्य के लिए परेशानी का कारण बन जाता है। इस परेशानी से बचने के लिए आवश्यकता है कुछ अधिक सफाई और देखभाल की।

- शरीर की सफाई पर विशेष ध्यान दें। प्रतिदिन स्नान करें और स्नान के उपरान्त अच्छी तरह से अपने अंगों को सुखा कर वस्त्रा पहनें। गर्मियों में आप दिन में दो बार नहा कर पसीने की दुर्गन्ध को दूर कर सकते हैं।
- नहाते समय नीमयुक्त, चंदनयुक्त और डेटॉलयुक्त साबुन का प्रयोग करें।
- नहाने के बाद पानी सुखाकर टेलकम पाउडर लगायें क्योंकि टेलकम पाउडर पसीना सोख लेता है। ध्यान रखें अधिक मात्रा में टेलकम पाउडर का प्रयोग न करें नहीं तो पसीने से चिपचिपाहट पैदा हो जायेगी।
- डिओडोरेंट के प्रयोग से भी पसीने की दुर्गन्ध दब जाती है। नहाने के बाद इसका प्रयोग करें।
- नहाते समय पानी में यूडीकोलोन, लेवेंडर या नींबू की कुछ बूंदें डालें। इससे नहाने पर आप तरोताजा महसूस करेंगे और पसीने की बदबू भी नहीं आएगी।
- अन्डरगार्मेन्टस हमेशा सूती पहनें जो पसीने को सोख लेते हैं और उसकी दुर्गन्ध से आपको बचा कर रखते हैं। प्रतिदिन अन्डरगार्मेन्ट्स बदलें।
- गर्मियों में अपने वस्त्रा उतार कर जल्दी से अलमारी में न संभालें। यदि उनको जल्दी नहीं धोना है तो ऐसे में वस्त्रों को पसीना सुखाने हेतु हवा में रखें। जब पसीना सूख जाये, उन्हें प्रेस कर वापिस अलमारी में रखें।
- नीम की पत्तियां पानी में कुछ समय तक डाल कर पत्तियां निकालकर उसी पानी से स्नान करें या पत्तियां उबाल कर छानकर बाकी पानी में उबला पानी मिलाकर नहायें।
- सिंथेटिक वस्त्रों का उपयोग कम से कम करें। (स्वा. द.)

## न्यूज इन ब्रीफ

### लेह में 22 दिन के बाद प्रतिबंध हटाए गए

**लेह/जम्मू :** लद्दाख के लेह जिले में राज्य के दर्जे के लिए हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगाई गईं पाबंदियां 22 दिन के बाद बुधवार को हटा ली गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। :प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़कने से चार लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग घायल हो गए थे। जिला प्रशासन ने 24 सितंबर को लेह में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की थी, जिसके तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि निषेधाज्ञा लागू होने के बाद से हिंसा की कोई घटना सामने नहीं आई है। लेह के जिला मजिस्ट्रेट रोमिल सिंह डोंक ने बुधवार को एक आदेश में कहा, मैं 24 सितंबर के कार्यालयी आदेश के तहत लगाए गए प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से वापस लेता हूं।

### श्रीलंका की प्रधानमंत्री अमरसूर्या 16-18 अक्टूबर तक भारत दौरे पर रहेंगी

**नयी दिल्ली :** श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या बृहस्पतिवार से तीन दिवसीय दौरे पर भारत आएंगी। शीर्ष पद का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमरसूर्या आपसी हितों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय राजनीतिक नेताओं से मिलेंगी। :अमरसूर्या की भारत यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की श्रीलंका यात्रा के छह महीने बाद हो रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि श्रीलंका की प्रधानमंत्री की यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को जारी रखेगी, तथा गहरे और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगी।

### रक्षा मंत्रालय ने असॉल्ट राइफल के लिए 'नाइट साइट' की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को भारतीय सेना के लिए 'नाइट साइट' (इमेज इंटेंसिफायर) और अन्य सहायक उपकरणों की खरीद के लिए 659.47 करोड़ रुपये के अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे सैनिकों को एसआईजी 716 असॉल्ट राइफलों की रेंज का पूरी तरह से फायदा उठाने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 'नाइट साइट' की मदद से रात में भी 500 मीटर की प्रभावी दूरी तक के लक्ष्यों को भेदना संभव होगा। ये मौजूदा 'पैसिव नाइट साइट' (पीएनएस) की तुलना में काफी बेहतर परिणाम देंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस खरीद को 51 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ 'भारतीय-आईडीडीएम' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### असम में 6.6 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार


**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य पुलिस ने श्रीभूमि जिले में 6.6 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। :शेखरबंध क्षेत्र में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा संयुक्त अभियान में तलाशी के दौरान 22 हजार 'याबा' गोलियां जब्त की गईं। :मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''श्रीभूमि पुलिस और बीएसएफ ने शेखरबंध पर छापा तथा 22 हजार 'याबा' गोलियां जब्त की जबकि इस संबंध में एक तस्कर को गिरफ्तार किया।''

### ईडी ने घर खरीदारों की 175 करोड़ रुपये की संपत्तियां लौटायी, न्यायालय ने तारीफ की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक उन घर खरीदारों को 175 करोड़ रुपये के फ्लैट, वाणिज्यिक इकाइयां और भूखंड बहाल किए हैं, जो 12 साल से अधिक समय से अपने सपनों के घर का कब्जा पाने का इंतजार कर रहे थे। एजेंसी ने यह जानकारी दी। यह 354 फ्लैट, 17 वाणिज्यिक इकाइयों और दो भूखंडों की बिना बिक्री वाली सूची राजस्थान के उदयपुर में रॉयल राजविलास (आरआरवी) नामक एक परियोजना से संबंधित है।

# भारत रेल प्रौद्योगिकी प्रणालियों में विश्व का नेतृत्व करने की राह पर: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत रेल प्रौद्योगिकी प्रणालियों में दुनिया का नेतृत्व करने की राह पर है और इंजीनियरिंग नवाचार में सबसे आगे है। मंत्री ने यहां भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई) के 16वें संस्करण का उद्घाटन किया। रेल मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आईआरईई-2025 में ऑस्ट्रिया, फ्रांस, जर्मनी, जापान, कोरिया, स्विट्ज़रलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका सहित 15 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली 450 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। एक




आधिकारिक बयान के अनुसार, एशिया के सबसे बड़े और विश्व के दूसरे सबसे बड़े रेल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के रूप में मान्यता प्राप्त आईआरईई, रेल अवसंरचना और गतिशीलता में सहयोग, नवाचार और निवेश के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। वैष्णव ने कहा, भारत रेल प्रौद्योगिकी प्रणालियों में विश्व का नेतृत्व करने की राह पर है और इंजीनियरिंग नवाचार में अग्रणी है। भारतीय और वैश्विक उपकरण निर्माताओं तथा संपूर्ण रेलवे पारिस्थितिकी तंत्र को एक मंच पर लाना एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा, 2024-25 में 7,000 कोच, 42,000 वैगन और 1,681 इंजनों के रिकॉर्ड उत्पादन के साथ, भारतीय रेलवे एक विकसित राष्ट्र की ओर भारत की यात्रा को शक्ति प्रदान कर रहा है। वैष्णव ने समर्पित यात्री गलियारे विकसित करने की योजना की घोषणा की, जो 320 किमी प्रति घंटे की परिचालन गति के साथ 350 किमी प्रति घंटे तक की अधिकतम गति के लिए तैयार किए गए हैं।

## हेनले पासपोर्ट सूचकांक में भारत 85वें स्थान पर, 57 देशों में वीज़ा-मुक्त प्रवेश की मिलती है सुविधा

**सिंगापुर :** वर्ष 2025 के हेनले पासपोर्ट सूचकांक में भारत 85वें स्थान पर आ गया है। भारतीय पासपोर्ट धारकों को 57 देशों में वीज़ा-मुक्त यात्रा की सुविधा मिलती है। पिछले साल, भारत का पासपोर्ट 62 गंतव्यों के लिए वीज़ा-मुक्त यात्रा की सुविधा के साथ इस सूची में 80वें स्थान पर था। सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे शक्तिशाली बना हुआ है जिससे 193 देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच मिलती है। दक्षिण कोरिया इस साल दूसरे स्थान पर है जिसके पासपोर्ट से 190 देशों में वीज़ा-मुक्त यात्रा की सुविधा मिलती है। जापान तीसरे स्थान पर है जिसके पासपोर्ट से 189 गंतव्यों के लिए वीजा मुक्त यात्रा की सुविधा है। जर्मनी, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन और स्विट्ज़रलैंड 188 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच देने के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, आयरलैंड और




नीदरलैंड 187 देशों में बिना वीजा के यात्रा की अनुमति देते हुए पांचवें स्थान पर हैं। हंगरी, न्यूज़ीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और स्वीडन 186 देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच सुविधा देने के साथ छठे स्थान पर हैं। अमेरिका मलेशिया के साथ 12वें स्थान पर है जिनके पासपोर्ट से 180 देशों में वीज़ा-मुक्त पहुंच की सुविधा मिलती है। यह पहली बार है जब अमेरिका इस सूचकांक में शीर्ष 10 से बाहर हुआ है। पिछले वर्ष, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और सिंगापुर 194 वीजा-मुक्त गंतव्यों के साथ शीर्ष स्थान पर थे, जबकि अमेरिका 188 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच के साथ सातवें स्थान पर था। वर्ष 2025 की सूची में, भारत मॉरिटानिया के साथ 85वें स्थान पर है। अंगोला, बारबाडोस, भूटान, बोलीविया, ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह, बुरुंडी, कंबोडिया, इंडोनेशिया, ईरान, जमैका, कजाकिस्तान, केन्या, मलेशिया, मालदीव, फिलीपीन, श्रीलंका और थाईलैंड कुछ ऐसे देश हैं जहां भारतीय पासपोर्ट धारकों को वीज़ा की आवश्यकता नहीं होती है। भारत के पड़ोसी देशों में, पाकिस्तान 103वें स्थान पर, बांग्लादेश 100वें स्थान पर, नेपाल 101वें स्थान पर और भूटान 92वें स्थान पर है। श्रीलंका 98वें स्थान पर है। दुनिया में सबसे कमजोर पासपोर्ट के मामले में अफगानिस्तान का स्थान है, जिसे केवल 24 देशों तक वीज़ा-मुक्त पहुंच है। इसके बाद सीरिया और इराक का स्थान है, जहां क्रमशः 26 और 29 वीज़ा-मुक्त गंतव्य हैं।

## रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी: मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाएं केन्द्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित की जाती हैं। मंत्रालय ने कहा कि निराश्रयता अनुदान को प्रति लाभार्थी 4,000 रुपये से दोगुना करके 8,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है, जिससे वृद्ध और गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों (ईएसएम) और 65 वर्ष से अधिक आयु की उनकी विधवाओं को आजीवन निरंतर सहायता मिलेगी। इसके अलावा, पूर्व सैनिकों के दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही उनकी विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान को भी 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है। विवाह अनुदान के अंतर्गत वित्तीय सहायता 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये प्रति लाभार्थी कर दी गई है। यह अनुदान पूर्व सैनिकों की अधिकतम दो पुत्रियों और विधवा पुनर्विवाह के लिए लागू है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''संशोधित वित्तीय सहायता एक नवंबर, 2025 से जमा किए गए आवेदनों पर लागू होगी, जिसका वार्षिक वित्तीय भार लगभग 257 करोड़ रुपये होगा।''

## आध्यात्मिकता के बिना नैतिकता का कोई अर्थ नहीं : मोहन भागवत

**अहमदाबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि आध्यात्मिकता के बिना नैतिकता का कोई अर्थ नहीं है और अगर लोग यह मंत्र अपनाएं कि ''मैं सब में हूं और सब मुझमें हैं'' तो समाज में हिंसा रुक जाएगी। गुजरात दौरे के दूसरे दिन, भागवत गांधीनगर शहर के पास कोबा स्थित प्रेक्षा विश्व भारती ध्यान केंद्र गए और आध्यात्मिक गुरु आचार्य महाश्रमणजी से मुलाकात की। इस अवसर पर आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''मैं हर साल इस जगह आता हूं ताकि अपनी ऊर्जा को पुनः संचारित कर सकूं।'' संघ द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में भागवत के



हवाले से कहा गया, ''व्यक्तिगत चरित्र और राष्ट्रीय चरित्र का आधार नैतिकता है और नैतिकता की नींव आध्यात्मिकता है, क्योंकि आध्यात्मिकता के बिना नैतिकता का कोई अर्थ नहीं है। इसलिए मैं उन स्थानों पर जाता हूं जहां मुझे अपने द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त होती है।'' आचार्य महाश्रमणजी की अहिंसा की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए, भागवत ने कहा, ''अगर लोग उनके इस मंत्र - 'मैं सब में हूं और सब मुझमें हैं' को अपनाएं तो समाज में हिंसा रुक जाएगी।'' भागवत ने कहा कि आरएसएस के चल रहे शताब्दी वर्ष में कोई बड़ा आयोजन नहीं किया जाएगा क्योंकि ''अगर हम देश के लिए काम करते हुए 100 साल पूरे करते हैं, तो यह हमारा कर्तव्य था, इसका जश्न मनाने की कोई जरूरत नहीं है।'' भागवत ने कहा कि बड़े-बड़े समारोहों के बजाय, आरएसएस कार्यकर्ताओं ने ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है जो पूरे समाज में समरसता पैदा करें।

## त्रिपुरा में स्थानीय लोगों के साथ झड़प में तीन संदिग्ध बांग्लादेशी मवेशी चोरों की मौत

**अगरतला :** त्रिपुरा में खोवाई जिले के एक सीमावर्ती गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई झड़प में संदिग्ध रूप से मवेशी चुराने आए तीन बांग्लादेशियों की मौत हो गई और राज्य के दो निवासी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ग्रामीणों ने पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे भारत-बांग्लादेश सीमा के पास पद्माबिल इलाके में संदिग्ध बांग्लादेशी मवेशी चोरों के एक समूह को घूमते देखा। :चंपाहोवर थाना प्रभारी दिलीप देबबर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''जब उनसे रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने ग्रामीणों पर घातक हथियारों से हमला कर दिया जिससे दो स्थानीय लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह खबर फैलते ही ग्रामीणों के एक बड़े समूह ने मवेशी चोरों का पीछा कर उन्हें पकड़ लिया और उन्हें पीटा, जबकि अन्य (बांग्लादेशी) भाग गए।'' उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और उसने खून से लथपथ तीन शव बरामद किए। उन्होंने बताया कि दो घायल ग्रामीणों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। :उन्होंने कहा, ''शवों को पोस्टमार्टम के लिए खोवाई अस्पताल ले जाया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया है। जांच जारी है।''

## अब केवल तीन जिले ही नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित: गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या घटकर तीन रह गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अब छत्तीसगढ़ में केवल बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर ही वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में भाकपा (माओवादी) के 88 सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया है, जो नक्सल विरोधी अभियान के लिए एक और सफलता है। मंत्रालय ने कहा, नक्सल-मुक्त भारत के निर्माण के मोदी सरकार के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ी सफलता के तहत नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की श्रेणी में भी यह संख्या 18 से घटकर केवल 11 रह गई है। :इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह ऐतिहासिक है कि नक्सलवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर तीन रह गई है। उन्होंने कहा कि भारत 31 मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद के खतरे से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''नक्सलवाद के उन्मूलन में ऐतिहासिक उपलब्धि। आज सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या छह से घटकर मात्र तीन रह गई है, तथा प्रभावित जिलों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है।

## भूपति का आत्मसमर्पण महाराष्ट्र में 'नक्सल आंदोलन के अंत की शुरुआत': फडणवीस



**गढ़चिरौली में 61 नक्सलियों ने फडणवीस की मौजूदगी में आत्मसमर्पण किया**

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि शीर्ष नक्सली भूपति और 60 अन्य नक्सलियों का आत्मसमर्पण महाराष्ट्र में ''नक्सली आंदोलन के अंत की शुरुआत'' है। फडणवीस ने कहा कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का पूरा ''लाल गलियारा'' नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि महाराष्ट्र का गढ़चिरौली प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर रहा है। मुख्यमंत्री ने गढ़चिरौली जिले में शीर्ष नक्सली मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति और 60 अन्य नक्सलियों के उनके समक्ष आत्मसमर्पण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। एक अधिकारी ने बताया कि भूपति पर छह करोड़ रुपये का इनाम था। अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने आत्मसमर्पण के समय अपने 54 हथियार भी सौंपे, जिनमें सात एके-47 और नौ इंसास राइफल शामिल हैं। भूपति उर्फ सोनू को माओवादी संगठन के सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में से एक माना जाता है और उसने लंबे समय तक महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर प्लाटून अभियानों की निगरानी की थी।

## केंद्र ने फांसी की सजा के तौर पर घातक इंजेक्शन के इस्तेमाल का समर्थन नहीं किया: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि मृत्युदंड की सजा पाए दोषियों को फांसी के बजाय सजा के तौर पर घातक इंजेक्शन लगाने का विकल्प देना ''बहुत व्यावहारिक'' नहीं हो सकता। केंद्र की इस टिप्पणी के बाद न्यायालय ने कहा कि सरकार समय के साथ बदलाव के लिए तैयार नहीं है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फांसी की सजा पाये दोषियों को फांसी देने के मौजूदा तरीके को कानून से हटाए जाने का अनुरोध किया गया था। याचिका दायर करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि कम से कम एक दोषी कैदी को यह विकल्प दिया जाना चाहिए कि वह फांसी चाहता है या घातक इंजेक्शन। मल्होत्रा ने कहा, ''सबसे अच्छा तरीका घातक इंजेक्शन है, क्योंकि अमेरिका के 50 में से 49 राज्यों ने घातक इंजेक्शन को अपना लिया है।'' उन्होंने कहा कि घातक इंजेक्शन लगाकर मौत की सजा देना त्वरित, मानवीय और सभ्य है, जबकि फांसी देना क्रूर और बर्बर है, क्योंकि इसमें शव लगभग 40 मिनट तक रस्सी पर लटका रहता है। न्यायमूर्ति मेहता ने केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील को सुझाव दिया कि वह मृत्युदंड की सजा पाये दोषी को विकल्प उपलब्ध कराने के संबंध में मल्होत्रा के प्रस्ताव पर सरकार को सलाह दें।

## हिंदुओं की उदारता, शक्ति का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए: उमा भारती

**मैहर (मध्यप्रदेश) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने बुधवार को कहा कि हिंदू धर्म में उदारता और सामाजिकता का भाव है तथा हिंदुओं की इस उदारता एवं उनकी शक्ति का इस्लामीकरण नहीं होना चाहिए। मैहर स्थित मां शारदा पीठ में पूजा-अर्चना के बाद हिंदू मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री भारती ने यह बात कही। उन्होंने कहा, ''गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध केवल जगन्नाथपुरी मंदिर में लागू है। हमारे धर्म में उदारता और सामाजिकता का भाव है। हिंदुओं की उदारता और हमारा बल साथ बना रहे। हमें हिंदू धर्म का इस्लामीकरण नहीं करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म सबसे अच्छी विचारधारा वाला धर्म है, लेकिन इसकी सहजता को कमजोरी समझना गलत है। उन्होंने कहा, ''हमारे धर्म की उदारता और शक्ति दोनों ही हमारी पहचान हैं। हमें इन्हें किसी के प्रभाव में आकर नहीं बदलना चाहिए।'' एक अन्य सवाल के जवाब में उमा भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि गौ वंश के बारे में बोलने का उसे कोई अधिकार ही नहीं है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को कमजोर करने का काम किया है। कांग्रेस की विचारधारा गौवंश के विरोध में रही है। उनके शासन में देशभर में गौहत्या को बढ़ावा मिला।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है, जिसने 1966 में गौ संरक्षण को लेकर आंदोलन कर रहे 400 से अधिक साधुओं पर गोली चलवाई थी।



## दिवाली पर एनसीआर में सीमित अवधि के लिए हरित पटाखों की अनुमति, सुप्रीम कोर्ट ने दिए

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिवाली के दौरान दिल्ली और एनसीआर में हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग को सशर्त अनुमति देते हुए विस्तृत अंतरिम दिशानिर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार, केवल नीरी (राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान) द्वारा अनुमोदित हरित पटाखों की बिक्री 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिक्री की निगरानी के लिए पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त गश्ती टीमें गठित होंगी, जिनमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। ये टीमें सुनिश्चित करेंगी कि केवल नीरी द्वारा पंजीकृत निर्माताओं के क्यूआर कोडयुक्त हरित पटाखे ही बेचे जाएं। गश्ती दल यादृच्छिक नमूने लेकर उन्हें पीईएसओ (पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन) को विश्लेषण के लिए भेजेंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में संबंधित निर्माता का लाइसेंस तत्काल रद्द किया जाएगा। साथ ही, केवल लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों को ही बिक्री की अनुमति होगी। एनसीआर क्षेत्र के बाहर से पटाखे लाने, बेरियम युक्त या नीरी द्वारा अस्वीकृत पटाखों की बिक्री और श्रृंखलाबद्ध पटाखों (लड़ियों) के निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। पटाखे चलाने की अनुमति दिवाली के पहले दिन और दिवाली के दिन सुबह 6 से 7 बजे तथा रात 8 से 10 बजे तक ही सीमित होगी।

## मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर यातायात जाम, 500 से अधिक छात्र 12 घंटे तक फंसे रहे

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण जाम के कारण 500 से अधिक छात्र और यात्री लगभग 12 घंटे तक फंसे रहे। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्कूलों के कक्षा पांच से 10वीं तक के छात्रों और पड़ोसी ठाणे एवं मुंबई के कुछ कॉलेज छात्रों को ले जा रही 12 बसें मंगलवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे से बुधवार सुबह तक वसई के पास कई किलोमीटर लंबे जाम में फंसी रहीं। विरार के पास स्कूल पिकनिक से लौट रहे बच्चों को कई घंटों तक बिना भोजन और पानी के रहना पड़ा। वसई



की पुलिस उपायुक्त (यातायात) पूर्णिमा चौगुले-श्रृंगी ने कहा कि जाम अब तक नहीं खुल पाया है। मंगलवार शाम को हुई भीषण जाम की वजह से कई घंटों तक वाहन मुश्किल से आगे बढ़ पाए। रात तक कई छात्र थक चुके थे, वे भूखे और चिंतित थे जबकि चिंतित माता-पिता अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। एक स्थानीय सामाजिक संगठन के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने फंसे हुए बच्चों को पानी और बिस्कुट बांटे और ड्राइवर को भीड़भाड़ वाली सड़कों से बसों को निकालने में मदद की।

# सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली का 32,000 फुट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया

**नयी दिल्ली :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली का 32,000 फुट की ऊंचाई पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इसके साथ ही स्वदेशी पैराशूट प्रणालियों के इस्तेमाल का मार्ग प्रशस्त हो गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस उपलब्धि से सैन्य लड़ाकू पैराशूट प्रणाली (एमसीपीएस) 25,000 फुट से अधिक ऊंचाई पर तैनाती में सक्षम हो गई है। यह भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा परिचालन में उपयोग में लाई जाने वाली




एकमात्र पैराशूट प्रणाली है। एमसीपीएस को डीआरडीओ प्रयोगशालाओं- हवाई वितरण अनुसंधान एवं विकास संस्थापन, आगरा और रक्षा जैवप्रौद्योगिकी और विद्युत चिकित्सकीय प्रयोगशाला, बेंगलुरु द्वारा विकसित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 32,000 फुट की ऊंचाई से इसका परीक्षण सफल रहा। इसने स्वदेशी प्रणाली की दक्षता, विश्वसनीयता और उन्नत डिज़ाइन को प्रदर्शित किया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें कई उन्नत सामरिक विशेषताएं शामिल हैं, जिनमें अच्छा संतुलन और बेहतर स्टीयरिंग क्षमताएं शामिल हैं, जो पैराट्रूपर्स को विमान से सुरक्षित रूप से बाहर निकलने, पूर्व निर्धारित ऊंचाई पर पैराशूट तैनात करने, सटीक रूप से दिशा निर्धारित करने और निर्दिष्ट क्षेत्रों में उतरने में सक्षम बनाती हैं। इसमें कहा गया है कि यह प्रणाली नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) के अनुरूप है। नाविक एक स्वदेशी उपग्रह नेविगेशन प्रणाली है।

## आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने किया अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आरेडिका के स्टॉल का उद्घाटन

**नई दिल्ली :** दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रही अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई) के पहले दिन बुधवार को आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने आरेडिका के स्टॉल का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 15 से 17 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधि अपनी तकनीकी क्षमता और नवाचार का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और रेलवे से जुड़ी सहयोगी कंपनियों के उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और आराम के लिए कोचों में नई तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। आरेडिका



इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में अपनी सक्रिय भूमिका जारी रखेगा ताकि भारतीय रेलवे की तकनीकी क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया जा सके। वर्ष 1990 में प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी सीआईआई की प्रमुख पहल है, जिसका आयोजन रेल मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। इस वर्ष 15 से अधिक देशों के 450 से अधिक प्रदर्शक रेलवे और मेट्रो क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक तकनीकों, समाधानों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनी में आए देशी-विदेशी आगंतुकों को रेलवे के उपकरणों और उनके कार्यों की जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर आरेडिका की ओर से विजय कुमार (मुख्य विद्युत डिजाइन इंजीनियर), आर. एन. तिवारी (सचिव एवं मुख्य जनसंपर्क अधिकारी), सी. एस. श्याम (उप मुख्य विद्युत डिजाइन इंजीनियर), संजय निगम (उप मुख्य सामग्री प्रबंधक), ए. के. अग्निहोत्री (एसएमई, डिजाइन), अनिल श्रीवास्तव (जनसंपर्क अधिकारी), के. के. श्रीवास्तव, आलोक कुमार, अंगद सिंह कुशवाहा, श्रीराम सिंह तथा प्रोटोकॉल निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुल्तान ऑफ जोहोर कप में ऑस्ट्रेलिया से 2-4 से हारा भारत


**जोहोर (मलेशिया):** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को बुधवार को यहां सुल्तान जोहोर कप में पहली शिकस्त का सामना करना पड़ा जब उसे पूल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 4-2 से हरा दिया। भारत के लिए कप्तान रोहित (22वें मिनट) और अर्शदीप सिंह (60वें मिनट) ने गोल किए जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ऑस्कर स्प्राउल (39वें और 42वें मिनट), एंड्रयू पैट्रिक (40वें मिनट) और कप्तान डायलन डाउनी (51वें मिनट) ने गोल दागे। भारत चार मैच में सात अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत ने दो मैच जीते हैं, एक ड्रॉ खेला और एक मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया चार मैच में 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने तीन मैच में जीत दर्ज की जबकि एक मुकाबला बराबरी पर छूटा।

## राष्ट्रमंडल खेल के कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद को 2030 खेलों का मेजबान बनाने की सिफारिश की

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रमंडल खेल के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के प्रस्तावित मेजबान के रूप में अहमदाबाद के नाम की सिफारिश की जिससे भारत में दो दशक के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की वापसी का रास्ता साफ हो रहा है। मेजबानी पर अंतिम फैसला 26 नवंबर को राष्ट्रमंडल खेल की आम सभा की बैठक में लिया जाएगा। इससे पहले सिफारिश को राष्ट्रमंडल खेल के सभी सदस्यों के पास भेजा जाएगा। खेलों की मेजबानी का अधिकार प्राप्त करना भारत के लिए 2036 में अहमदाबाद में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लक्ष्य में भी महत्वपूर्ण होगा। भारत को नाइजीरिया से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा था लेकिन राष्ट्रमंडल खेल ने भविष्य के खेलों के लिए इस अफ्रीकी देश की मेजबानी की महत्वाकांक्षाओं को 'समर्थन और गति प्रदान करने के लिए एक रणनीति विकसित करने' का निर्णय लिया है जिसमें 2034 खेलों की मेजबानी पर विचार भी शामिल है।

# कोहली और रोहित सहित भारतीय टीम का पहला बैच ऑस्ट्रेलिया रवाना

**नयी दिल्ली:** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित भारतीय टीम का पहला बैच बुधवार को यहां से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गया जहां उसे 19 अक्टूबर से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है। कोहली और रोहित के साथ टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्य भी ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए। यह ग्रुप सुबह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां कुछ प्रशंसक उनकी एक झलक पाने के



लिए प्रवेश द्वार के बाहर कतार में खड़े थे। मुख्य कोच गौतम गंभीर और कोचिंग स्टाफ के कुछ अन्य सदस्य शाम को रवाना होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे मैच 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद अगले दो मैच एडिलेड और सिडनी में खेले जाएंगे। इसके बाद पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी और इस प्रारूप के विशेषज्ञ 22 अक्टूबर को रवाना होंगे। टी20 श्रृंखला 29 अक्टूबर से शुरू होगी। वनडे श्रृंखला में सभी की निगाह रोहित और कोहली के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। इन दोनों के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं। यह दोनों खिलाड़ी पहले ही टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों आगामी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, हालांकि उन्होंने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में इन दोनों के खेलने की संभावनाओं के बारे में कुछ नहीं कहा।

## इशान किशन का शतक, झारखंड ने तमिलनाडु के खिलाफ छह विकेट पर 307 रन बनाए

**कोयंबटूर:** कप्तान इशान किशन के शतक से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को यहां तमिलनाडु के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए छह विकेट पर 307 रन बनाए। भारतीय टीम में अपनी जगह गंवाने वाले किशन दिन का खेल खत्म होने पर 183 गेंद में नाबाद 125 रन बनाकर खेल रहे थे। साहिल राज 64 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। झारखंड पर 200 रन से कम पर सिमटने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन किशन और साहिल ने सातवें विकेट के लिए 150 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। तमिलनाडु की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर डीटी चंद्रशेखर ने दो विकेट हासिल किए।



बेंगलुरु में गत चैंपियन विदर्भ ने नगालैंड के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 302 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमन मोखादे ने नाबाद 148 रन की पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यश राठौड़ 66 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। ध्रुव शौरे ने भी 64 रन की पारी खेली। कानपुर में सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर केएस भरत (144) के शतक से आंध्र ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 289 रन बनाए। उन्होंने 244 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके मारे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शेख रशीद दिन का खेल खत्म होने पर 94 रन बनाकर खेल रहे थे। कटक में ओडिशा ने राजेश धूपर (नाबाद 76) के अर्धशतक से बड़ौदा के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में प्रत्येक विकेट पांच विकेट लेने जैसा लगा: सिराज



**नयी दिल्ली:** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने जो भी विकेट लिया वह उन्हें पांच विकेट जैसा लगा क्योंकि पिच गेंदबाजों के लिए अनुकूल नहीं थी। सिराज ने मंगलवार को समाप्त हुए मैच में तीन विकेट लिए, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। अहमदाबाद में पहले टेस्ट में उन्होंने सात विकेट लिए थे। सिराज को इस शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूम में 'इम्पैक्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सिराज ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो यह सीरीज बहुत अच्छी रही। जब हम अहमदाबाद में खेले तो तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिली। दिल्ली में हमें काफी ओवर गेंदबाजी करनी पड़ी। हर विकेट (जो मैंने लिया) पांच विकेट जैसा लगा।' उन्होंने कहा, 'एक तेज गेंदबाज के रूप में जब आपको अच्छे प्रयास करने के बाद पुरस्कार मिलता है तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है और ड्रेसिंग रूम में इम्पैक्ट प्लेयर पुरस्कार जीतने के बाद आपको खुशी भी मिलती है।'' पिछले कुछ समय से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के केंद्र में रहे सिराज ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट उनका पसंदीदा प्रारूप है।

## बंगाल ने उत्तराखंड को 213 रन पर समेटा, शमी का रिवर्स स्विंग का जादू

**कोलकाता:** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने शानदार वापसी करते हुए चार गेंदों में तीन विकेट झटके, जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप 'सी' मुकाबले के पहले दिन उत्तराखंड को 213 रन पर समेट दिया। बंगाल ने जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर आठ रन बनाए। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर आउट हुए। स्टंप तक सुदीप घरामी (7) और सुदीप चटर्जी (1) क्रीज पर थे। शमी को शुरुआती 14 ओवर में सफलता नहीं मिली, लेकिन अंत में उन्होंने रिवर्स स्विंग से धमाल मचा दिया। उन्होंने



जन्मेजय जोशी और देवेंद्र सिंह बोरा को बोल्ड किया जबकि राजकुमार को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। शमी ने 37 रन देकर तीन विकेट लिए। बंगाल की ओर से तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सूरज सिंधू जायसवाल ने 54 रन देकर चार विकेट चटकाए और इशान पोरेल ने 40 रन देकर तीन विकेट लिए। उत्तराखंड की ओर से भूपेन लालवानी ने 128 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 71 रन बनाए। अन्य मुकाबलों में सूरत में हरियाणा 171 रन पर सिमट गई, लेकिन सुमित कुमार (11 रन पर चार विकेट) की गेंदबाजी से रेलवे को 93/6 पर रोक दिया। दिल्ली में सेना ने त्रिपुरा के खिलाफ छह विकेट पर 246 रन बनाए, जबकि अहमदाबाद में असम ने गुजरात के खिलाफ छह विकेट पर 218 रन बनाए।

## भारतीय महिला टीम पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

विशाखापत्तनम: भारतीय महिला टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। रविवार को विशाखापत्तनम में आस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को तीन विकेट से हराया। भारत को अब रविवार को इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में उतरना है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की मिशेल पेरेरा ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि भारत ने निर्धारित समय में एक ओवर कम किया था। इस कारण उसके खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'

## कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं टेस्ट रैंकिंग पर


**दुबई:** भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नयी दिल्ली में दूसरे मैच में आठ विकेट हासिल करने के शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं रैंकिंग हासिल की। कुलदीप ने बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाई जबकि वेस्टइंडीज के जोमेल वारिकन और कप्तान रोस्टन चेज क्रमश: दो और चार स्थान आगे 30वें और 57वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पहली पारी में 175 रन बनाने के बाद दो स्थान ऊपर पांचवें, जबकि केएल राहुल 38 और नाबाद 58 रन की पारियों से दो स्थान ऊपर 33वें स्थान पर पहुंच गए। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों में शाई होप (34 स्थान ऊपर 66वें स्थान पर) और जॉन कैम्पबेल (छह स्थान ऊपर 68वें स्थान पर) को फायदा हुआ है। इन दोनों ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में शतक बनाए थे। इस



बीच अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान अबू धाबी में बांग्लादेश पर 3-0 की श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर लौट आए हैं। राशिद ने श्रृंखला में 11 विकेट लिए, जिससे वह पांच स्थान ऊपर पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके अब 710 रेटिंग अंक हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज से 30 अंक अधिक हैं। राशिद सितंबर 2018 में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बने थे और आखिरी बार नवंबर 2024 में इस स्थान पर काबिज हुए थे।



## फास्टैग सालाना पास उपयोग करने वालों की संख्या 25 लाख के पार




**नयी दिल्ली:** फास्टैग वार्षिक पास पेश किए जाने के दो महीनों में ही इसका उपयोग करने वालों की संख्या 25 लाख को पार कर गयी है। फास्टैग सालाना पास 15 अगस्त, 2025 को पेश किया गया था। यह पास राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को एक सहज और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करता है और यह राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू है। वार्षिक पास एक वर्ष की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त शुल्क भुगतान के माध्यम से लिया जा सकता है। इससे फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की आवश्यकता खत्म हो जाती है। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए लागू है। राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई वेबसाइट के माध्यम से एकमुश्त शुल्क भुगतान के बाद वाहन से जुड़े मौजूदा फास्टैग पर सालाना पास दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है। सालाना पास दूसरे को नहीं दिया जा सकता है और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे (एनई) शुल्क प्लाजा पर मान्य है।

## निर्यात सितंबर में 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 डॉलर, व्यापार घाटा 13 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नयी दिल्ली:** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का वस्तु निर्यात सितंबर में 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 16.6 प्रतिशत बढ़ा। इससे व्यापार घाटा बढ़कर 32.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो एक साल का सबसे ऊंचा स्तर है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोना, उर्वरक और चांदी के आयात में वृद्धि से देश का आयात सितंबर में बढ़कर 68.53 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 58.74 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में निर्यात 3.02 प्रतिशत बढ़कर 220.12 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 4.53 प्रतिशत बढ़कर 375.11 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान कुल व्यापार घाटा बढ़कर 154.99 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का माल एवं सेवा निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

## बैंक, वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 575 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,300 अंक के पार

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 575 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस महीने नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच एशिया तथा यूरोप के बाजारों में तेजी साथ मुख्य रूप से बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 575.45 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 82,605.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 697.04 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.05 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 25,323.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटर्नल और अदाणी पोर्ट्स भी लाभ में रहीं।

# जीएसटी दर में कटौती, त्योहारी उत्साह से सितंबर में वाहनों की बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

**नयी दिल्ली:** जीएसटी सुधारों और त्योहारों के उत्साह से यात्री वाहन एवं दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री/आपूर्ति सितंबर में बढ़ी। इससे उद्योग के लिए चालू वित्त वर्ष के सकारात्मक अंत की उम्मीद बढ़ गई है। उद्योग संगठन सियाम ने बुधवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,72,458 इकाई हो गई जबकि सितंबर, 2024 में यह 3,56,752 इकाई था। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि सितंबर में दोपहिया वाहनों की बिक्री सात प्रतिशत वृद्धि के साथ 21,60,889 इकाई रही जबकि सितंबर, 2024 में यह 20,25,993 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की बिक्री



बढ़कर 84,077 इकाई हो गई। यह सितंबर, 2024 के 79,683 इकाई की तुलना में 5.5 प्रतिशत अधिक है। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने पत्रकारों से कहा, '22 सितंबर से (केवल नौ दिनों के लिए) नई माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरें लागू होने के बाद यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों ने सितंबर में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है।' उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रमुख अनुकूल परिस्थितियों से इस क्षेत्र का परिदृश्य उत्साहजनक बना हुआ है। चंद्रा ने कहा, 'जीएसटी 2.0 सुधार सरकार का एक ऐतिहासिक निर्णय है, जो भारतीय मोटर वाहन उद्योग को अगले स्तर पर पहुंचाने के अलावा पूरी अर्थव्यवस्था में जीवंतता लाएगा.' सियाम के अनुसार, यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई-सितंबर तिमाही में 10,39,200 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 10,55,137 इकाई की तुलना में 1.5 प्रतिशत कम है। जुलाई-सितंबर 2025 में दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 55,62,077 इकाई हो गई। वहीं तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 10

## पिछले 11 वर्षों में भारत के समुद्री क्षेत्र में परिवर्तनकारी वृद्धि हुई: सोनोवाल

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने भारत के समुद्री क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में परिवर्तनकारी वृद्धि का उल्लेख करते हुए बुधवार को कहा कि अगले 22 वर्षों में घरेलू समुद्री उद्योग में 80 लाख करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सोनोवाल ने न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी के स्वर्ण जयंती समारोह के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि वर्ष 1975 में परिचालन शुरू करने वाला न्यू मैंगलोर पोर्ट अपने 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है। सोनोवाल ने कहा, 'भारत के समुद्री क्षेत्र में परिवर्तनकारी वृद्धि देखने को मिली है। 'समुद्री अमृत काल विजन 2047' भारत के समुद्री क्षेत्र में बदलाव के लिए एक दीर्घकालिक खाका तैयार करता है। सरकार को इस दौरान घरेलू समुद्री उद्योग में 80 लाख करोड़ रुपये के निवेश की



उम्मीद है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि न्यू मंगलोर पोर्ट एलपीजी भंडारण करने वाला देश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह है और क्रूज पर्यटन के क्षेत्र में भी इसका भविष्य उज्ज्वल है। वर्ष 2002 से ही इस बंदरगाह पर क्रूज जहाज नियमित रूप से आ रहे हैं। सोनोवाल ने कहा कि सभी दस्तावेजी प्रक्रियाओं को डिजिटल प्रणाली में बदल दिया गया है और यह बंदरगाह अब पूरी तरह से डिजिटल हो चुका है।

## आईएमएफ का वृद्धि अनुमान बढ़ाना भारत की आर्थिक मजबूती का प्रमाण: गोयल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ((आईएमएफ) का चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत करना देश की आर्थिक मजबूती और मजबूत बुनियादी ढांचे का प्रमाण है। आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। गोयल ने यहां रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि देश में निवेश, उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और जीएसटी में कटौती के कारण आर्थिक आत्मविश्वास को दर्शाती है। इसी महीने विश्व बैंक ने भी भारत के वृद्धि अनुमान को 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था।



गोयल ने उद्योग से वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार में नेतृत्व करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी उद्योग मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में मामूली रियायतों को लेकर अनावश्यक आपत्ति करता है, जो देश की कमजोर छवि पेश करता है। उन्होंने आपूर्ति शृंखला की मजबूती और विविधीकरण पर जोर देते हुए कहा कि एक ही आपूर्तिकर्ता या सीमित देशों पर निर्भरता से इस क्षेत्र में जोखिम उत्पन्न हो सकता है।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1.31 लाख रुपये के नए शिखर पर, चांदी 3,000 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली:** लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चालू त्योहारी मौसम के बीच खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर लिवाली के कारण यह मजबूती को देखने को मिली। हालांकि, चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से 3,000 रुपये नीचे गिरकर 1,82,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। मंगलवार को यह चांदी की कीमत 6,000 रुपये बढ़कर 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी।

### सितंबर में बेरोजगारी दर मामूली बढ़कर 5.2 प्रतिशत हुई: सरकारी सर्वेक्षण

**नयी दिल्ली:** पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। बुधवार को जारी एक सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, अगस्त में बेरोजगारी दर (यूआर) 5.1 प्रतिशत, जुलाई में 5.2 प्रतिशत तथा मई और जून में 5.6 प्रतिशत थी। मई, 2025 में जारी प्रथम पीएलएफएस बुलेटिन के अनुसार अप्रैल में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, '15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में बेरोजगारी दर सितंबर, 2025 में थोड़ी बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी। इससे पहले लगातार दो महीनों तक इसमें गिरावट दर्ज की गई थी।'

### एयर इंडिया के 26 पुराने विमानों को नई सुविधाओं से लैस करने का काम पूरा

**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपने 27 पुराने एयरबस ए320 नियो विमानों में से 26 विमानों को नई सुविधाओं के साथ उन्नत बना दिया है। इसके साथ ही एयरलाइन ने कहा कि वह 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम में 174 अतिरिक्त साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी। टाटा समूह की एयरलाइन ने बयान में कहा कि पुराने विमानों को नई सुविधाओं से लैस करने का सितंबर, 2024 में शुरू हुआ रेट्रोफिट कार्यक्रम इस महीने लगभग पूरा हो गया है। इन विमानों में नए केबिन इंटीरियर जोड़े गए हैं। इनमें तीन श्रेणियों- बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी को शामिल किया गया है। एयर इंडिया ने बताया कि दिल्ली से कुआलालंपुर और डेनपासर के लिए उड़ानों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। कंपनी अब ए320 शृंखला के 100 से अधिक आधुनिक संकरे विमान संचालित कर रही है। एयर इंडिया के बेड़े में 16 सितंबर तक कुल 187 विमान शामिल थे।

### हुंदै की भारत में 45 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना, 26 नए वाहन करेगी पेश

**मुंबई:** दक्षिण कोरिया की वाहन विनिर्माता हुंदै मोटर कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जोस मुनोज ने बुधवार को कहा कि कंपनी की भारतीय इकाई वित्त वर्ष 2029-30 तक 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य भारत को वैश्विक स्तर पर अपना दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र बनाना है। देश की अपनी पहली यात्रा के दौरान निवेशकों को संबोधित करते हुए मुनोज ने कहा कि कंपनी की बिक्री वित्तीय इकाई हुंदै कैपिटल, बिक्री को और बढ़ाने में मदद करने के लिए चरणबद्ध तरीके से 2026 की दूसरी तिमाही तक देश में दस्तक देगी जबकि इसका लक्जरी ब्रांड जेनेसिस भी 2027 तक स्थानीय 'असेंबली' के माध्यम से बाजार में प्रवेश करेगा। कंपनी की इकाई हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) वित्त वर्ष 2029-30 तक 26 वाहन पेश करने की योजना बना रही है जिसमें सात एकदम नए वाहन शामिल हैं। यह 2027 तक भारतीय बाजार के लिए स्थानीय रूप से तैयार, विकसित और विनिर्मित एक इलेक्ट्रिक एसयूवी भी पेश करेगी। मुनोज ने कहा कि हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने निर्यात में 30 प्रतिशत तक योगदान का लक्ष्य रखा है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3385 अंक 195, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in